SHRI CHO S. RAMASWAMY (Nominated): Madam, I shall try to finish my speech within the four minutes that are allotted to me. I think, the time allotted to me is only four minutes. Madam, but for the courage and the presence of mind shown by the security men and Watch and Ward staff, we would have had an immense problem on our hand, the kind of problem which we had not seen or experienced before. And, Madam, who would have been blamed for that; not the security staff, but the Government. Everyone would have ruled the Government unfit to govern. Now, when such a disaster has been averted, why should we grudge in giving a share of the credit to the Government? I think this has become a convention with us. When there is a plane crash or a train accident, the Government is blamed and the Minister, in all probability, will have to go, but when a plane crash is averted or a train accident is miraculously averted, the credit goes to the person concerned, the man on the spot, and not to the Government. This is the unfairness of the established convention, based on the concept of moral responsibility. I am not trying to divert the attention from the gratitude the nation owes to those brave people who have laid down their lives. The least we MPs could do is, to contribute, as substantially as we can, to the fund that is already being organised. I, Madam, on my part have already undertaken to contribute one year's salary to the fund.

Now, we are talking about the security arrangements not being enough. But what is now demanded, after the attack, would not have been tolerated before the event. For example, if before the event, every car was stopped at the gate and fully checked and the MPs were asked to get down from their cars and walk to the Parliament, would it have been accepted without protest? I think, everyone would have talked about harassment and humiliation. Only after the event, we realised the seriousness of the situation, and then we say that security arrangements were not enough. Let us also not forget that the U.S., with all its modern

gadgetry and sophisticated telecom equipment was not able to foresee or unearth the plan to attack the Twin Towers. Not only that, our security agencies have been able, within a matter of days, to unravel what happened really. They have given almost in a chorological order the various stages of the conspiracy that led to the attack. We have to praise them for it. We have to praise the system also for it, not only the men who are handling* it. And, we have to praise the Government also which has made it possible to happen. Madam, now, about what comes next -- I am not a military expert like the General is, nor am I foreign affairs expert -- I have to rely on common sense. I feel that we must give peace a chance, and that could be done by expecting the Alliance against terrorism to discipline Pakistan. We have to give them some time, but if they are not willing or if they fail to do that, then after genuine efforts after sincere efforts, then, we may have no other option except direct action. That may mean crossing the LoC and may mean inviting a war. But if only a war can achieve peace for us, then, it be so. We must be prepared for it at that stage. But before that, I think, it will be wise to give peace a chance. If it is not taken, then, wage a war to achieve peace. Madam, apart from other things, this attack on the Parliament has brought a semblance of unity to the Parliament itself, to the House, and to the proceedings. During the last week the two Houses were immersed in total turmoil. Now, the Government is prepared to say that the Opposition has to be consulted. They are prepared to concede It, the right of the Opposition with some reservations. The Opposition is prepared to concede the fact that the Government cannot place all its cards on the table; and it has to hold back vital information. Well, at least, this kind of an understanding between the Opposition and the Government has become possible only after the attack. In that way, the attack has brought peace to the Parliament. I am sure, it will bring peace to the country. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I would rather have turmoil in the House than that kind of peace. Shri B.J. Panda.

SHRI B.J. PANDA (Orissa): Madam Deputy Chairman, in paying homage to the martyrs of 13th December, 2001, I would like to express my gratitude not because they have sacrificed their lives, but because they sacrificed their lives for upholding the dignity and preservation of the parliamentary system of democracy which Mr. Nariman has so evocatively spoken about. When I learnt about the bravery and the sacrifice of these people, particularly Shri Yadav, the image that haunts me is an unarmed man with a family to take care of running after a car and trying to stop it, a car filled to the gills with explosives and weapons.

Madam, I would like to compliment the hon. Leader of the Opposition for what I can only describe as his statesman like response to the statement of the Home Minister. In particular, I would like to commend him for his explicit statement to the effect that this was not the time to apportion the blame, this was not the time to point the fingers. The theme of solidarity has been echoed, again and again, throughout these two days of debate. I compliment all those hon. Members who have furthered this theme both from the Opposition Benches as well as from the Treasury Benches. In this light, I personally hesitate to make the fine distinction between the personal bravery of the security people and the Watch and Ward staff and the security arrangements themselves. Madam, they are undoubtedly personal bravery also. They are part and parcel of the security drill of looking for suspicious vehicles, for looking out suspicious people and taking action to stop them. This is what these brave men did.

When we talk about security, a great onus lies on us, the Members of Parliament. Have we not all seen examples of some Member or the other browbeating the same brave people on occasions at being questioned or stopped or simply for not being recognised? Have we not seen examples of some Member or the other taking an offence to their companion being stopped and searched? Madam, the onus is on us, not just words, but the way that we can honour these martyrs is to help in strengthening the system of security. We must be prepared to sacrifice some of our facilities within this Parliament complex which will bring some degree of inconvenience to us. But that is the only way to honour these brave people; and that is the only way to strengthen their very hands. In this connection, many suggestions have been made. Perhaps, all the cars should be parked at a distance; and the ferry bus system be operated to bring Members into the Parliament House. Perhaps, smart identification cards could be utilised which every Member ought to agree to wear prominently. Perhaps, fingerprint scanning systems can be implemented. There should be no distinction between the depth of the security procedures that ought to be followed here and that of those followed at any airport, for instance. We do not have even the minimum level of security screening. Perhaps, we ought to agree to having fewer entries into Parliament. It becomes simpler to control and to manage. In any case, when we talk of security, we ought not to think only of the Parliament Complex; we ought to think, as has been said in the last two days, of the entire country. This requires a cultural change; this requires a change of national attitude, that we must set an example first. Some of this is already happening, Madam, at our airports since the event of

September 11. I have myself noticed many VI Ps and WIPs themselves being open to the idea of being frisked at airports. This culture must be spread throughout the country for us to continue to deal with this threat of terrorism that is not going to go away, as the hon. Member, Shri Sibal, pointed out.

The issue of solidarity is very important. Madam, I shall take only a minute more. When we talk of solidarity and putting forward a unified face of the nation, we must not bicker amongst ourselves, we must not find faults or point fingers at our own faults, but look at the outrageous claims that are being made across the border. Pakistan has made the outrageous claim that this attack was engineered by India itself. That is what we ought to be all taking on, in every forum available to us. Madam, I endorse the diplomatic efforts that have been suggested by so many hon. Members. But, in pursuing diplomatic efforts, pursuing the friendship and the cooperation and support of neighbouring countries, is equally important as pursuing all those of the sole super-power. When it comes to talking about the US' attitude, obviously, the statement of their Secretary of State, concerning this attack, was blatantly hypocritical. But, why are we so reactive? I think we have reached the level where we can be far more proactive. In saying this, I heed the advice given by General Roy Chowdhury, which is extremely important, that the preparation must be made diligently before we can take any action because, apart from all the comparisons of 1971, there is one major difference, in that, any action today, has the potential of being escalated all the way to a nuclear conflict.

Madam, just one last bit. We must exercise our increasing international influence to arm-twist Pakistan to take action against these terrorist outfits. I read in a national magazine last night that the only action that has been taken in the last two or three months is that the sign-boards proclaiming the terrorist headquarters of the Lashkar-e-Taiba have now been taken away, so that, perhaps, it will create a little bit of difficulty for the Lashkar-e-Taiba cadres to find their way! But, that is not the >sort of action that we are looking for. If we cannot exercise enough influence to get Pakistan to change its ways, then, we must make it change its ways.

.Madam, in conclusion, I would like to say that I endorse a considered, deliberated and prepared-for action. But that action must take place and that action must be decisive. Thank you.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Shri Manoj Bhattacharya. Manojji, you know that you have four minutes. The Home Minister is already there.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA : I thank you very much, Madam, for allotting to me four minutes. I was afraid you would allot to me only three minutes' time.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am generous enough.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA: Madam, I was very keenly hearing, since yesterday, the very lively discussion - I should not say 'debate'--on the question of terrorism and with particular reference to the dastardly attack on the heart of the Indian democracy, that is, our Parliament, on the fateful day of the 13th of December, the black Thursday. Madam, on behalf of my party, the Revolutionary Socialist Party, I salute the Watch and Ward Staff, the security personnel attached to the Delhi Police and the C.R.P.F. personnel, for the supreme sacrifice made by them. I am sure, but for their sacrifice of this sort, but for their courage, but for their valour and but for their adherence to duty, the heart of the Indian Democracy would have been demolished to a great extent, and many of us would not have been here to discuss all these important issues. When I am talking about this, I do not confine myself in saluting the bravery of the security staff and the Watch and Ward Staff of the Rajya Sabha, in particular. I cannot forget the names of Jagdish Prasad Yadav or Matbar Singh Negi. I fully endorse the views expressed by the hon. Member, Shri Shankar Roy Chowdhury, that henceforth, we should be very careful about the Watch and Ward Staff of ours. We should see to it that they are properly armed. At least, small arms should be provided to them. Their insurance coverage must be increased. At the same time, on inquiry, I found that the walky-talky that they use, is age-old, and in the present scenario, the same should expeditiously be replaced by some modern equipment so that the pace of communication can be increased to a considerable extent. At the same time, I also suggest that they should be provided with adequate risk coverage. The Government must consider the issue of adequate coverage for the Watch and Ward Staff. Since we are talking about terrorism, since we are talking about the global phenomenon of terrorism, kindly excuse me for making some references, because, I feel that much of the introspection has already taken place in this House, and those issues have already been spelt out by many hon. Members, that instead of reactive, the Government should have been proactive. I am sure that the right signal has gone to the Government, and they will be plugging the loopholes. I also do not want to echo the sense of

unity that has emerged over here in this discussion that the nation is united in combating the menace of terrorism, particularly, the cross-border terrorism, and the nation is quite united in fighting against any of the onslaughts perpetrated unfortunately by the neighbouring country of ours. But I once again say-I may be repetitive in that sense that on 11th September, the United States of America was caught unaware. They perhaps could not comprehend that they would be attacked like this, the WTC tower can be domolished like this. They did not comprehend it ever even in their dreams that the invincible Pentagon can be attacked like this. But, so far as we are concerned, we were apprehending this sort of attack. So, had the Government been proactive in a better manner, they would have avoided the loss of precious lives of the Watch and Ward Staff, the security personnel attached to the Delhi Police as well as the CRPF personnel.I would say that let us try to address the problem of terrorism at the root of it. The terrorism is born out of the womb of poverty, deprivation, unemployment and other economic, social and political evils. Madam, through you, I would like to urge upon the Government of India that they should expeditiously address themselves to these problems. If they are really desirous that India should be a country where the head is held high and the mind is free, as Tagore dreamt almost a century back, the Government of India should address the problem of poverty, social alienation and unemployment, and all these problems should be addressed expeditiously, because they are inseparable. The problem of terrorism cannot be solved unless the problem of social evils is taken care of. With these words, I conclude.

SHRI S. PETER ALPHONSE (Tamil Nadu): Madam, before going to the vital points of this issue, I make a request that we should have a small monument for those poor people who sacrificed their lives inside the Parliament. We Should have, at least, a small plaque of stone inscribing the names of all those people who had sacrificed their lives to protect democracy, at some place, a conspicuous place, in the Parliament House so that the future generations may remember that there was an attack, and there were some brave people who sacrificed their lives in protecting the soul of democracy, who were willing to sacrifice their lives for protecting democracy. Madam, the Home Minister is also here. I make an appeal on behalf of my Party, Tamil Maanila Congress, that we should have a kind of monument to remember all those brave people who sacrificed their lives for protecting the democracy, who were ready to give everything they had, just to keep the Parliamentary system going.

The other thing is this. Although much has been said and much has been told, I would like to remind the House only one sentence which was given out by the terrorist group when they missed an attack on the British Prime Minister, Mrs. Margaret Thatcher. When the Irish terrorists missed an attack, the next day, they issued a press-release; they sent a message: "Mrs. Thatcher, you have to be always lucky, but we have to be lucky only once." So, yesterday, or the other day when the incident took place, we can't ignore an element of luck, but for that, the whole House would have been a monument of shambles and fallen pillars to speak to the posterity that the greatest symbol of democracy was destroyed by a handful of terrorists. But for that element of luck, we should have been very careful. And I would like to tell the House that this is not the end; this is only a beginning. There was a report in the newspapers that there was a confusion for one of the accused, that they had some kind of a plan to demolish and destroy the Delhi Airport, and for what reasons they had dropped it. That was how the news was reported. But I would like to tell the Government that they had not dropped anything; they had only postponed it.

Yesterday, I happened to listen to a discussion on the Star T.V. During the News Hour, when our Minister, hon. Jaitley, was discussing some issue with Mrs. Ambika Soni, an hon. Member of the House, through the media, he was trying to give out as if the Opposition is not cooperative. I am a Member of the Opposition, and as a Member of the Opposition, I would like to guarantee, and with all confidence and the national fervour in me, I would like to say that the Opposition stands with the Government. Can the Government point out a single occasion or a single incident, for the past two-and-a-half years, leave alone the domestic issues, when a crucial issue came up and we were not with the Government? Immediately after its taking over, when there were Pokhran blasts, we had our differences of opinion, like a political party; we were never for it, but we just mentioned that the blasts would create an unnecessary arms race in the region and it would strain the already strained State's Exchequer. And nobody was prepared to listen to us. Somebody told us that it would be a deterrent, and by simply blasting this bomb, Pakistan would never come to this side! We kept quiet because if we gave our idea, we would have been labelled as anti-national. We were never interested; we kept quiet. When the hon. Prime Minister made a trip to Lahore, we had our own apprehensions, but we never gave out what we had in our mind. When the Kargil War took place, we were willing to point out that there was an intelligence failure, but

you never allowed us to speak for ourselves. You told us, "This is not the time to speak. You wait. If you speak, the morale of the soldiers will be spoiled, and the country will get a different picture!" We kept quiet. And, then, immediately you invited President Musharraf here! We were willing to tell you, "You need some more preparations. Wait for some time. Summit is the last thing in a diplomatic exercise." But you wanted to begin it from the first. And we kept quiet. In all that, we never stood against the Government. We never opposed the Government. Though we had a difference of opinion, we stood by the Government. Finally, what had happened? The enemy crossed the international border; the enemy crossed the Line of Control; the enemy came to Kashmir. Now, the enemy is coming and stareing at the Parliament itself. Even then you want us to stand by you. We are prepared to stand by you, if you are prepared to stand by the nation. Thank you.

उपसभापती : श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन'। आपकी बहुत मेहरबानी होगी सब लोगों पर अगर आप पांच मिनट में ही खत्म कर दें।

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' :महोदया , 1 3 दिसम्बर की जो घटना है इसकी सभी दलों के नेताओं और सभी वक्ताओं नें निंदा की है। मैं समझता हूं कि इसकी जितनी तीव्र निंदा की जाए , कम होगी क्योंकि 1 3 दिसम्बर को हमारे देश की प्रजातांत्रिक प्रणाली की सर्वोच्च संस्था पर आतंकवादियों द्वारा हमला करने का प्रयास हुआ। महोदया, इसके साथ ही हमें खुशी भी है कि इस देश के वीर सपूतों ने अपनी कुर्बानी देकर उनको इस संस्थान के अंदर प्रवेश तक नहीं करने दिया और उन पांचों आतंकवादियों को मार गिराया। इसलिए महोदय इसकी जितनी तीव्र निंदा की जाए कम होगी। आज उन वीर सपूतों ने अपना बलिदान देकर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया है। भारत के इतिहास में इस घटना का जब भी उल्लेख होगा, इनको याद किया जाएगा। आज हम सबको और पूरे देश को इनके प्रति सच्चे श्रद्धा सुमन अर्पित करने चाहिएं और किए जा रहे हैं। महोदया, सुषमा जी ने अपने भाषण में कहा कि इस घटना के तीन दिन के अंदर सभी षडयंत्रकारियों का पर्दाफाश हुआ है और सभी मुख्य षडयंत्रकारी पकडे गए। सारी स्थिति देश के सामने आ गई जिससे यह साफ और स्पष्ट हो गया कि यह सारी घटना पाकिस्तान समर्थित आई.एस. आई. स्पॉनसर्ड स्कीम थी और अब इसका पूरा पर्दाफाश हो चुका है। महोदया , तीन दिनों के अंदर जो पर्दाफाश हुआ है इसके लिए यह सरकार बधाई की पात्र है। कल मैं माननीय विरोधी दल के नेता और माननीय प्रणव दा का भाषण सुन रहा था। इन्होंने अपने भाषण में सिक्योरिटी लैप्स की चर्चा की। आज इस संकट की घडी में सुरक्षा की खामियों को उजागर करने का समय नहीं है। इस देश में प्रधान मंत्री आवास पर प्रधान मंत्री की हत्या हो गई थी , क्या वह सिक्योरिटी लैप्स नहीं था ? क्या वह सुरक्षा की खामियां नहीं थी ? जब कांग्रेस के समर्थन से चन्द्रशेखर जी की सरकार चल रही थी तब राजीव गांधी जी की हत्या हो गई, क्या यह सिक्योरिटी लैप्स नहीं था ? महोदया, आज यह समय नहीं है कि सुरक्षा की खामियों पर चर्चा करें। आज यह समय है कि हम एकजुट होकर इस संकट की घडी में सरकार को समर्थन दें। सरकार इन आतंकवादियों को नेस्तनाबूद करने में जो भी कदम उठाए , पूरा सदन और पूरा देश इसमें

साथ दे । महोदया , यहां अमेरिका के सैक्रेटरी आफ स्टेट कोलिन पावेल की भी चर्चा हुई है, हमको कोई आवश्यकता नहीं है । हम अपने देश के आतंकवाद से निपटने के लिए स्वयं सक्षम हैं । हम कोलिन पावेल और अमेरिका की ओर क्यों देखें । हमको चाहिए कि हम अमेरिका को यह बता दें कि 11 सितम्बर और 13 दिसम्बर की घटना को आतंकवाद की परिभाषा में अलग-अलग नहीं देखना चाहते । भारत दोनों ही घटनाओं को एक साथ देखना चाहता है । कोलिन पावेल और कल नेता विरोधी दल ने भी कहा कि आज की परिस्थिति में हमें संयम बरतने की आवश्यकता है । महोदया , संयम बरतने का समय अब नहीं है ...(**व्यवधान**)...

श्री नागेन्द्र नाथ ओझा (**बिहार**) : कूद जाइए ...(**व्यवधान**)...

श्री राजीव रंजन सिंह '**ललन**' : आप तो कभी नहीं कूदिएगा क्योंकि आप सब दिन विपरीत दिशा में चलते रहे हैं इसलिए कूदिएगा नहीं ...(व्यवधान) ...

उपसभापति : अभी आपस में बातचीत न करके मेरी तरफ देखकर बोलिए । आप उनकी तरफ क्यों देख रहे हैं ।

श्री राजीव रंजन सिंह '**ललन**' : महोदया , हमें स्मरण करना चाहिए कि जब श्रीलंका में आतंकवाद चल रहा था तो हमने वहां इंडियन पीसकीपिंग फोर्स भेजी थी । उसमें हमारे हजारों सैनिक शहीद हुए थे । हम आतंकवाद के खिलाफ लडने के लिए संकलित हैं । हम लडेंगे । अगर आज हमारे देश में आतंकवाद बढ़ रहा है तो हम अमरिका की ओर क्यों देखें ? हम उन्हें यह बता देंगे कि हम अपने देश के आतंकवाद से लड़ने में स्वयं सक्षम हैं और हम इससे लडेंगे । आज अगर अमरिका आतंकवाद के खिलफ हमारी लडाई में साथ नहीं देता तो वह एक्सपोज होगा । अमरीका ने 11 सितम्बर की घटना के बाद कहा था कि हम पूरे विश्व से आतंकवाद को समाप्त करेंगे । आज अगर अमरीका इस लडाई में हमारा समर्थन नहीं करगा तो वह पूरे विश्व में एक्सपोज होगा कि वह आतंकवाद से लड़ने के लिए गंभीर नहीं है और यह बात केवल अमरीका की 11 सितम्बर की डब्ल्यू .टी. सी. और पेंटागन की घटना तक सीमित थी । आज आवश्यकता यह नहीं है कि हम अमरीका की ओर देखें बल्कि हम कोई निर्णय लें और अपने निर्णय से अमरिका को अवगत कराएं । आज आवश्यकता इस बात की है कि हम एकजुट होकर सरकार को अपना पूर्ण समर्थन दें । सरकार को आतंकवाद को समाप्त करने के लिए सख्त कदम उठाने पर उसका साथ दें। धन्यवाद ।

श्री प्रफुल्ल पटेल (**महाराष्ट्र**) : धन्यवाद मैडम, आपको घंटी दबाने की नौबत नहीं आएगी मैं संक्षिप्त बोलूंगा । आज हम सब लोग यहां मौजूद हैं, एक खुली सांस ले रहे हैं और अहलुवालिया जी मुस्करा रहे हैं । इसकी वजह है कि कई बहादुरों ने अपना दायित्व निभाते हुए देश के लिए और देश के लोकतंत्र की रक्षा करते हुए अपनी जान की कुर्बानी दे दी । उसमें सुरक्षाकर्मी थे, पार्लियामेंट का वाच एंड वार्ड का स्टाफ था । हम सब लोगों ने , पूरे देश ने , इस सदन ने अपनी भावना उनके साथ,उनके परिवारजनों के साथ जोडी है । अपनी श्रद्धांजलि उन्हें अर्पित की है और मैं अपनी ओर से उसी भावना के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं ।

महोदया, इस देश में आतंकवाद कई वर्षों से चलता आ रहा है । सवाल यह नहीं है कि आज सत्ता में कौन है और उस आतंकवाद का मुकाबला कैसे किया जा रहा है । सियासत में रहने वाले इस पार के लोग हों या उस पार के लोग हों आतंकवाद ने बडे- बडे हमले किए हैं, बडे - बडे

लोगों का शिकार आतंकवाद की वजह से हुआ है । इंदिरा जी की जान गई, राजीव जी की जान गई, इस देश के जनक महात्मा गांधी की जान जाना भी आतंकवाद का ही एक प्रकार का नमूना था और इसी वजह से इस देश में आतंकवाद पिछले कई वर्षों से अनेक प्रकार से अपना रूप धारण करता नजर आया है । उत्तर पूर्व के राज्य हों, चाहे नक्सलवाद का प्रकोप हो, चाहे उत्तर भारत में पाकिस्तान द्वारा स्पोंसर्ड टेरेरिज्म हो, इस देश ने आतंकवाद का कई प्रकार से मुकाबला किया है । मैं इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहूंगा । कई लोगों की भावनाएं रही हैं कि आतंकवाद को कुचला जाए । हम सब लोगों के मन में भी यही भावना होती है कि जिस प्रकार से पाकिस्तान की तरफ से लश्कर-ए-तोएबा और जैश-ए –मुहम्मद जैसे संगठनों को मदद पहुंचाई जा रही है उसके बारे में देश की भी एक सामूहिक भावना है कि पाकिस्तान को सबक सिखाया जाए, उसे कुचला जाए । लेकिन सरकार किसी भी प्रकार से ऐसे वातावरण का निर्माण न करे, ऐसा दबाव न लाये जिससे सरकार को भावनात्मक कदम उठाना पडे । आज जियोपोलिटिकल परिस्थितियां जो हैं, अभी जनरल राय चौधरी जी ने यहां पर जो कहा उसके साथ मैं अपनी भावनाओं को जोडना चाहता हूं कि दुनिया अब पहले जैसे बंटी हुई नहीं है । अब यूनीपोलर वर्ल्ड है । आज चाहे पाकिस्तान हो,चाहे अफ़गानिस्तान हो, उनके परिसर में अमेरिका जैसी सुपर पावर अपने पैर जमा बैठी हुई है । जब कारगिल की लडाई हुई थी तो मुझे मालूम है कि हम लोग उस समय भी चर्चा करते थे कि हमारी फौजों को एलओसी पार करके पाकिस्तान के ऊपर हमला कर देना चाहिए । लेकिन इंटरनेशनल कम्युनिटी का प्रेशर कहो या जो भी उस समय की परिस्थिति थी , वह काम इतना आसान नहीं था कि हम वहां पर अपना मोर्चा खोलें, वहां पर उनका मुकाबला करें । महोदय, यहां पर हम लोगों की अलग अलग भाषणों में एक ही भावना प्रकट हुई है । हम सब लोगों ने सरकार के हाथ मजबूत करने की बात कही है ताकि आज की इस परिस्थिति का हम डटकर मुकाबला कर सकें और इसके लिए हम एक हुए हैं । इजरायल की यहां पर चर्चा हुई कि इजरायल एक छोटा सा देश है , जिस पर आतंकवादियों के हमले होते आए हैं और वह पिछले इतने सालों में अपने अस्तित्व की लडाई को किस तरह से लड रहा है । आज भारत जैसा देश, इतना महान देश जो है , जिसकी 100 करोड की जनसंख्या है, यहां के लोग यहां पर जिस तरह से अपनी भावनायें व्यक्त कर रहे है, क्या इतना बडा गणतंत्र अपनी खुद की अस्तित्व की लडाई नहीं लड सकता , यह प्रश्न हम लोगों के सामने है । मुझे आडवाणी जी से विनती करनी है कि कल के अखबार को पढ़कर मुझे बहुत दुख हुआ । जो कैबिनेट कमेटी और सिक्योरटी की मीटिंग हुई, उस कैबिनेट कमेटी और सिक्योरिटी मीटिंग के कई अंश , सही है या गलत, यह मैं नहीं कहना चाहता, लेकिन यह बात अखबार में छपकर आई है कि आपके आर्मी, एयरफोर्स और नेवी के जो चीफ आफ स्टाफउस कमेटी को ब्रीफ करने आए थे उन्होंने कहा कि हमारा देश आज लडाई के लिए तैयार नहीं है । "We are not in a full state of preparedness." इस प्रकार के कई बयान अखबारों में छपकर आए हैं । अगर यह बात सही है तो इसको दुरुस्त किया जाए , अगर गलत है तो इसका खंडन किया जाए और यह खंडन सरकार की ओर से देश के लोगों के सामने आना चाहिए । अगर आप इसका खंडन नहीं करेंगे तो देश क्या, विदेशों में जो हमारे दुश्मन बैठे हुए हैं उनको हमारी तैयारियों के बारे जानकारी मिलेगी । इसलिए इसके बारे में सोचना और इसके बारे में जवाब देना यह आपका काम है । सौभाग्य से डिफेंस मिनिस्टर यहां बैठे हुए हैं । फारुक अब्दुल्ला जी ने जब कश्मीर असेंबली पर हमला हुआ और जब कश्मीर पर अन्य आतंकवादी हमले हुए तो उनका बयान आया कि हमें लडाई लडनी चाहिए और पाकिस्तान को कुचल देना चाहिए । इस तरह की भावनायें जो वहां के नेतृत्व ने व्यक्त

की हैं, इसी तरह का एक स्ट्रांग मैसेज इस देश की ओर से , इस सदन की ओर से जाना चाहिए , यह मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं ।

महोदय, मैं अब ज्यादा बातें न करते हुए सरकार से विनती करुंगा कि देश के हित में, इस गणराज्य के हित में आप ऐसे उचित कदम लें और किसी भी प्रकार से चाहे वह मीडिया प्रेशर हो , अन्य पोलिटिकल प्रेशर हों उसमें न जाएं लेकिन देश को एक रखने के लिए , अक्षुण्ण रखने के लिए , सुषमा बहन यहां बैठी हैं , उन्होंने सुबह यहां पर अपने भाषण में जो भावनायें व्यक्त की हैं उसको आप करें । यहां टैररिज्म के मामले में पिछले कुछ दिनों से , मैं पोटो की बात नहीं करुंगा लेकिन टैररिज्म के खिलाफ सशक्त कायदा होना चाहिए , इसके बारे में सभी लोगों ने बात कही । आडवाणी जी अगर आपने कुछ समय पहले सब को साथ ले लिया होता तो शायद परिस्थिति कुछ और स्वरुप धारण करती लेकिन पोटो की लडाई को एक ईगो की लडाई में , एक मजहब की लडाई में परिवर्तित कर दिया गया । पिछले दिनों जो इस विषय में कंस्ट्रक्टिव व्यूज आने चाहिए थे , जो प्रकट होने चाहिए थे , वह नहीं हुए कि उसमें क्या खामियां हैं और उनको कैसे दूर किया जा सकता है और लोगों के मन में जो शंका या कुशंका का निर्माण हुआ है यह कैसे दूर हो सकता है, इसके बारे में शायद कम चर्चा हुई है । लेकिन मुझे लगता है कि 13 दिसम्बर की इस घटना के बाद देश में एक नए वातावरण का निर्माण हुआ है । शायद सरकार के मन में भी एक नयी जागृति का निर्माण हुआ होगा जिसकी वजह से इन सारी बातों को आगे आने वाले दिनों में आप दुरुस्त कर सकें । देश की भावनाओं के साथ, सदन की भावनाओं के साथ मैं विपक्ष की ओर से अपने आप को जोडता हूं और सरकार को आगे परिस्थिति का मुकाबला किस तरह से किया जा सकता है, उसमें पूरा पूरा समर्थन जाहिर करता हूं ।

SHRIMATI JAYAPRADA NAHATA (Andhra Pradesh): Madam, it is hard to believe that there was an attack on Parliament. People outside Parliament raised their eyebrows in shock and they asked us, "Has it really happened?" It has happened! There were indications and we were about to discuss it in the House; but, somehow, we could not discuss it. Madam, this attack is not just an attack on Parliament; it is an attack on our democracy, on the true symbol of our democracy, which is the largest democracy in the world. Eight people have been killed. And we came to know that yesterday a Head Constable had also died. This is the time to pay our condolences to the families of those people who have sacrificed their valuable lives - and we must appreciate their courage - to protect Parliament and the Parliamentarians. From our Telegu Desam Party, all our Members have decided to contribute one month's salary. Madam, it is not the money that matters, but it is the feeling and the sentiment which matter. This is the time when we should give full support to their families that are in crisis. समुन्द्र में जब राम ने पुल बनाने की कोशिश की थी उस टाइम इसी तरह से एक गिलहरी ने अपने बदन पर रेती लगा कर राम की मदद करने के लिए कोशिश की ।

5.00 p.m.

Madam, on August 15, we celebrate our Independence Day. In Jammu and Kashmir also, the terrorists had attacked the Jammu and Kashmir Assembly, and we had a discussion on that attack in this House. It is unfortunate that today we are discussing about this attack on Parliament and how to protect our Parliament. Madam, terrorists are mad. They do not know what they are doing. Their only aim is to destroy this country, and they have shown their evil designs, and they have shown their true colours. Their organisations are spread all over the country; they have their own local units. They have the latest and sophisticated weapons and powerful bombs. They have a strong network. First of all, we have to curb all their activities. If we don't defeat them, they will defeat us. The existing laws are not adequate, I feel. I don't want to go into the controversy whether our security arrangements have been appropriate or not. But everybody was surprised as to how they could enter the Parliament complex and how they could get a Home Ministry's label, or whether it was a false label. People cannot believe that terrorists can enter with a Home Ministry's label. We need proper security arrangements outside the gates of Parliament also - some sort of scanning - so that we can get an indication of such type of occurrences in advance.

Madam, I appreciate the efforts of the personnel of the CRPF and the Delhi Police who acted promptly against the terrorists. That is why now we are in the House and debating on this issue. Madam, our country has been facing the problem of terrorism and cross-border terrorism for the last 20 years. Due to that, our country could not grow economically, as expected. In order to overcome the problem of terrorism, the Government has promulgated the Prevention of Terrorism Ordinance. It is necessary that on this issue we should be one and show to the world that we are united to end the evil designs of the terrorists. We may have difference of opinion on many issues; we may differ on various matters, like economic policies, political issues, etc. At times, we have heated discussions on these issues in the House, but this is not a political issue. This relates to the sovereignty and unity of our country. The Government is taking all the steps to face the challenge of terrorism. All of us should unitedly fight against terrorism so that the terrorists and their activities are rooted out.

Madam, the Government has enacted a number of legislations. For example, we have the Dowry (Prohibition) Act. This Act prevents atrocities on women. It has really protected the suffering women in our society.

Unless a law is used, one cannot say whether that law is good or bad. In Andhra Pradesh, we are also facing the problem of PWG. Our Chief Minister has given all the support to POTO. As I said earlier, this is not a political issue. I think it is the right time to take a decision so that terrorism is rooted out from this country. Madam, I request all the Members of this House that we should show to the world that we are one on this issue and we can take the decision. We all know that Pakistan and the ISI are supporting these terrorist groups. We are not able to take any decision because we have the Pakistan International Airline and we have the bus *yatra.* For the time being, in order to control all these things, why can't we suspend it? मैडम , सवेरे सुषमाजी ने कहा था कि हम सब एक्शन प्लान करेंगे क्योंकि... When the discussion took place, all the parties expressed their own doubts about the action plan which the Government has in mind, उन्होनें कहा था कि एक्शन प्लान होगा तो हिदुस्तान में ही होगा । जब हिंदुस्तान में एक्शन प्लान होगा तो हम सब देश की रक्षा के लिए, देशहित के लिए काम करेंगे । हम सब एक –एक परमाणु की तरह काम करेंगे और देश को और देश के सौहार्द को कायम रखने की कोशिश करेंगे । In this context, I would like to quote in Hindi

' हसीन है तो यह वतन हसीनतर बनाएंगे,
तुझे नमन करेंगे, दुश्मनों का सिर झुकाएंगे। '

SHRI KULDIP NAYYAR (Nominated): Nor do I favour any war against Pakistan. I don't want any hot pursuit. Nor do I want that there should be any bombing. Yet, the fact remains that Pakistan has been doing it again and again. It did it in Srinagar, it did it in Red Fort and it has done it now.

Since there is credible evidence given by the Home Minister in his Statement, the fact remains that Lashkar-e-Toyyaba and Jaish-e-Mohammad are still operating from Pakistan. It is true that President Musharraf is trying to do something against the fundamentals but the fact remains that he is riding two boats. When it comes to India, he acts differently and when it comes to others like Taliban, he acted differently. The sentiments in this country are very high. This Government will have to do something about it. I suggest that India should withdraw its High Commissioner from Pakistan. I don't want the diplomatic relations to be stopped; I want that as a protest, as a manifestation of our anger. The High Commissioner we have in Islamabad should be recalled. Also, we must understand that in India, this anti-Pakistan becomes anti-Muslim feeling. It is true that.....

SHRI B.P. SINGHAL: It is not so; it is absolutely false.

SHRI KULDIP NAYYAR: It may be your perception; I am talking about my perception. I don't know how many Muslims you meet. But, in any case, there is a fear in their minds. We are still bearing the scars of partition, even after 55 years.

The Home Minister is right in saying that the two-nation theory is bad. It is true that two nation theory is very suicidal. But, sometimes,. I -feel that in the name of one nation, we too are having two nations. I hope I am wrong, but the fact remains that you consider Dandi March and Rath Yatra as one and the same thing. Its comparison is ridiculous. How can you say this kind of a thing? Again you say that we believe in secularism. We have to give a faith to the Muslims here who feel very...

श्री संघ प्रिय गौतम : युद्ध और क्राइस्ट ने भी यात्रा की थी। 45 साल बुद्ध ने , 30 साल क्राइस्ट ने और माओ ने भी यात्रा की थी। यात्राएं तो सब ने की थी ।

श्री कुलदीप नैयर : अच्छे काम के लिए की थी। . . . (**व्यवधान**) . . . वह अच्छे काम के लिए थी। **. . .** (**व्यवधान**) . . . फसाद तो नहीं हुए थे। **. . .** (**व्यवधान**) . . .

श्री संघ प्रिय गौतम : कोई फसाद नहीं हुआ था। **. . .** (**व्यवधान**) . . .

उपसभापति : देखिए, अभी समय कम है **. . .** (**व्यवधान**) . . .

SHRI KULDIP NAYYAR: I was happy to hear today, the Prime Minister's assurance but this assurance is not enough. We have to do something whereby the confidence of the Muslims is raised here. We have to do something whereby the Hindu communalism is suppressed. Something will have to be done.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Just one second. *...(Interruptions)...* There are communal persons in every community. The terrorists who came here to attack the Parliament, they were also communal because they were brainwashed. Please do not identify. Communalism is a different thing and terrorism is another thing. If they had been sensible, they would not have done it. *...(Interruptions)...*They have been brainwashed. There are communal elements in every community. So, please do not identify any one community...*(Interruptions)...*

SHRI KULDIP NAYYAR: I am saying, other communities also. *...(Interruptions)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please do not do that..*(Interruptions)...*

SHRI KULDIP NAYYAR: I am saying that communalism gives rise to terrorism.... *(Interruptions)...* I am saying that. *...(Interruptions)...*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Whatever may be the name, Jaish-e-*Mohammad..(Interruptions)...*Please keep quiet. *...(Interruptions)... One* minute please. *...(Interruptions)...* Those organisations are in Pakistan and we have evidence of it. *...(Interruptions)... Are* they not communal? Are those terrorists not communal? They have killed sixty thousand people in Kashmir itself in the name of Islam. So, we should condemn those people in the strongest possible word.

SHRI KULDIP NAYYAR: I have condemned it, Madam. *...(Interruptions)...]* have, in fact, said that the High Commissioner should be recalled. *...(Interruptions)...*Communalism of Hindus, Muslims and even Sikhs..*(Interruptions)...* Let me conclude. *...(Interruptions)...*

श्री रामदास अग्रवाल : मैडम, ये शब्द कार्यवाही से हटा देने चाहिए . . . (**व्यवधान**) . . . उन शब्दों को हटाइए । . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री जीवन राय (पश्चिमी बंगाल) देश से क्षमा मांगो । . . . (**व्यवधान**) . . .

श्री रामदास अग्रवाल : मैडम, वे शब्द कार्यवाही से हटा देने चाहिए . . . (**व्यवधान**) . . .

उपसभापति : I will look into the record. *...(Interruptions)...* आपखुद ही विदड्रा कर लीजिए या एक्सप्लेन कर दीजिए ।

SHRI KULDIP NAYYAR: Communalism gives birth to terrorism. So, communalism of any kind is bad. I am not saying one or the other communal. *.(Interruptions)...* Please allow me to finish my sentence. *...(Interruptions)...* Madam, December 13 is the day which we will always remember. So, my suggestion is that on that day we light candles on the Main Gate every year on 13th December. Cn the Main Gate, on the steps, we should light candles to remember not only the people who have given their lives, who have sacrificed their lives, but also remember that what could happen to our temple of democracy. It is important, Madam, those people who came here whether they were after the leaders or whether they were after the MPs, they kindled in India such a determination in favour of democracy, unity and pluralism. Pluralism is no less than democracy. Thank you very much.

† **मिर्जा अब्दुल रशीद** (जम्मू और कश्मीर) : मैडम चेयरपरसन,शुक्रिया ।

कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी ।
सदियों रहा है दुश्मन दौरे जमां हमारा ।

मैडम, 13 दिसम्बर को हमारे इस पुर-वकार और काविले एतराम जम्हूरी इदारे पर जो हमला हुआ वह देश पर हमला है, देश कि सालमियत पर हमला है, देश के इतिहास पर हमला है, देश की तारिक पर हमला है, देश की आजादी पर हमला है, देश की खुद- मुखतारी पर हमला है । देश की यह जो इमारत है इस इमारत ने सौ करोड़ से ज्यादा भारतीयों की तकदीर को संभाल कर रखा है, जहां हर मिनट में तारीख बनती है, तारीख संवरती है, हर शख्स की किस्मत संवरती है, इसलिए भारत की तारिख पर यह सबसे घिनौना,सबसे बुरा हमला है और बहुत बडा चेलेन्ज है । मैं यह कहना चाहूंगा कि मुझे यह अहसास हो रहा है कि हमारे मुल्क की पालिसी शांति की है, हमारे मुल्क का प्रोग्राम जो है यह भाई चारे का है हमारे मुल्क का पैगाम मोहब्बत का है, इस लिए अल्लाहताला ने और भगवान ने इस सुसाइडल अटैक से हमारी इस अजीम इमारत को भी बचाया और अहले इमारत को भी बचाया । मैंने इसलिए कहा कि बचाया, क्योंकि आज की दुनिया का सुपर पावर जो अमरीका है उसकी टिंवन टावर नहीं बच सकी, जो दुनिया की तकदीर लिखता है, आज की दुनिया की सबसे बडी बिल्डिंग पेंटागन, जो दुनिया की तकदीर लिखती है वह नहीं बच सकी,लेकिन हमारे भारत की यह अजीम इमारत बच गई । यह अल्लाह का बहुत बडा करम है ।

मैडम,दुनिया की खबर रखने वाला अपनी खबर नहीं रख सका, लेकिन हमारे बहदुरों ने, हमारे रक्षाकर्मियों ने जिस हिम्मत से, जिस बहादुरी से मुकाबला करते हुए अपनी जान की कुर्वानी देने से पहले ही जो हमलावार थे उनकी लाशों का ढेर किया और उसके बाद खुद भी मिट गए । मिट की तारिख है कि हिन्दुस्तान की तारिख में हमेशा के लिए अमिट हो गए । इसमें कोई शक नहीं कि -

बेगई हुए कोई उभरता नही है ।
जो कौम पर मरता है वह मरता ही नहीं है ।

तो हम झुक के उनको सलाम करते हैं, उनकी बहादुरी को सलाम करते हैं, उनके मुकद्दर को सलाम करते हैं कि हमेशा उनको भारत की तारीख में याद किया जाएगा ।

मैडम, टेररिज्म आज दिल्ली की इमारत तक पहुंचा, भारत की इमारत तक पहुंचा, लेकिन टेररिज्म का जो गढ है, जो मैदाने-जंग टेररिज्म का पाकिस्तान ने बनया है, वह कश्मीर है । कश्मीर में पिछ्ले 15 साल से जिस तरीके से लाशों के ढेर हर रोज होते हैं, उसमें न सिर्फ हमरी फौज लड़ती है, मरती है और मारती भी है, लेकिन वहां पर सिविल लोग, हमारी प्रो – इंडिया फोर्सेस, हमारी प्रो – इंडिया पार्टियों से भी लोग होते हैं । हर रोज जब उढकर हम अखबार पढते हैं तो उसमें इस किस्म के बेगुनाह और मासूम लोगों की लाशों की खबर होती है, जो मुल्क के लिए कुर्वानी देते हैं । मैं हाउस की तवज्जोह उस तरफ ले जाना चाहता हूं कि जिस तरीके से

† Transliteration ol the speech in Persian Script is available in the Hindi version of the debate.

यहां हमारे नौ रक्षाकर्मियों ने कुर्बानी दी उसके लिए हम सबको दर्द भी है, उनके लिए कंडोलेन्स भी करते हैं और कण्डेम भी करते हैं ,उसी तरीके से हमारे यहां जो हर रोज इस तरह की कुर्बानी होती हैं , उस पर भी ध्यान जाना चाहिए,वह भी तारीख का हिस्सा होना चाहिए ।

मैडम, हमारे चीफ मिनिस्टर फारूख अब्दुल्ला जी सुबह से लेकर शाम तक ललकार कर कहते हैं कि जम्मू- कश्मीर भारत का हिस्सा था, भारत का हिस्सा है और भारत का हिस्सा रहेगा । हमेशा यही कहते हैं और पाकिस्तान को भी और टेररिज्म को भी चेलेन्ज करते हैं । हम चाहते हैं कि वह जम्मू कश्मीर की धरती पर लड़ रहे हैं उनको जो मदद चाहिए पोलिटिकली , इकोनोमिकली, मोनेटरी, वह भारत सरकार को देना चाहिए ।

मैडम, जब हमरी असेम्बली पर अटैक हुआ, जिस अटैक को फॉर्नर्स ने अटैक किया, जेशे- मोहम्मद की तनजीम ने अटैक किया, उस वक्त अगर वह असली असेम्बली की तरफ चले जाते तो वहां पर आधे से ज्यादा मंत्री बैठे थे, चीफ मिनिस्टर,सभी लोग बैठे थे, एक बहुत बडी तबाही हो जाती, लेकिन वे पुरानी बिल्डिंग मे चले गए और इसलिए मार खा गए । फिर भी उस हादसे में 40 लाशों का ढेर लग गया और सैकडों तडपते हुए जख्मी मौजूद थे । जब उस वक्त चीफ मिनिस्टर ने असैम्बली मे इस नाहक खून को और इस बेबसी के हालात को बयान किया तो रोते हुए कहा कि कम से कम उन अड़डों और उन ठिकानों को हटाया जाए, जहां पर यह मौत के सामान तैयार होते हैं तो उस वक्त उनके यारों ने भी उनका मजाक बनया और दुश्मनों ने तो मजा उठाया । हम यह चाहते हैं कि पाक आकोपाइड कश्मीर, जैसा डा. फारुख साहब ने कहा -Pak Occupied Kashmir is a part of our country, It is a part of our State, हमारी जम्मू कश्मीर रियासत में 25 सीटें पाक-आकोपाइड कश्मीर के लिए रखी हुई हैं , हमारे महाराजा हरि सिंह जी ने वहां का इंस्टूमेंट आफ एकसेशन भारत सरकार के साथ किया हैं, पाकिस्तान सरकार के साथ नहीं किया है, इसलिए आप उन ठिकानों को जहां से मौत का सामान तैयार होते हैं उनको हटाया जाए , उनको मिटाया जाए । मेरा ख्याल है कि सारी दुनिया इसमें आपका साथ देगी । मैं इस बात का यहां जिक्र करुंगा कि इसमें कोई शक नहीं है कि हमारी तारीख हमें यह सिखाती है कि हम अमन के पैगम्बर हैं दुनिया में , लेकिन आज दुनिया बदल चुकी है । आज अमरीका कहीं अमन बुलाता है , कहीं पर वह मरवाता है, कहीं खुद मारता है , कहीं सैंक्शन लगाता है , किसी को हटाता है । आज दुनिया की ताकत अमरीका ने अपने हाथ में रखी है । रुस के बिखर जाने के बाद ताकत का तवाजुनन बिगड़ गया है और इस ताकत के तवाजुन को बनाने के लिए क्या यही अच्छा होता यदि नॉन ऐलाइनमेंट मूवमेंट को रिवाइव किया जाता ताकि अंडरडेवलप कंट्री भी अपनी जिन्दगी गुजार सकतीं , लेकिन ऐसा कोई कर नहीं रहा है ।

मैं सिर्फ दो बातें आपसे कहना चाहूंगा , मुझे इजाज़त दीजिए । 1965 में जनरल अय्यूब ने हमला किया और इनफिल्ट्रेटर्ट कश्मीर में भेजे । उस वक्त शास्त्रीजी ने बहुत समझाया और अगर उस वक्त शास्त्रीजी लाहौर की तरफ नहीं बढ़ते तो वे इनफिल्ट्रेटर्स आज भी ज्म्मू-कश्मीर में तबाही मचाते , लेकिन जिस वक्त वे आगे बढ़े तो चंद घंटों में वे इनफिल्ट्रेटर्स उन्होंने वापिस बुला लिए । उसके बाद ताशकंद समझौता हुआ और दुनिया में पाकिस्तान शर्मिन्दा भी हुआ । इसी तरीके से 1971 में जब हिन्दुस्तान पर जनरल याहया खान ने हमला किया , उस वक्त अगर इंदिराजी आगे नहीं बढ़तीं , बंगलादेश नहीं बनता , मशरबी पाकिस्तान , बंगलादेश नहीं होता और अगर आज वह भी मरकजी पाकिस्तान का हिस्सा होता तो दोनों तरफ से यह अजाब हमारे भारत के लिए होता । लेकिन इंदिराजी ने आगे बढ़कर न सिर्फ तारीफ बल्कि ज्योग्राफिया भी बनाया और

जो 90,000 की उनकी फौज थी , सिपाही थे उनको भी तारीखी तौर पर कैद करवाकर उनके हवाले किया । यह तारीख का बहुत बडा हिस्सा है , जिसके बाद शिमला समझौता भी हुआ । हम नहीं चाहते कि जंग हो लेकिन इस वक्त हिन्दुस्तान की जनता एक चीज़ चाहती है । मैं गवर्नमेंट से गुजारिश करना चाहूंगा कि इस वक्त जनता करारा जवाब चाहती है कि जिस तरीके से हमले हुए हैं , हम हमला नहीं करना चाहते लेकिन जनता हमलों का जवाब जरुर चाहती है । जनता करारा जवाब चाहती है ताकि जनता के हौसले भी , जो इस वक्त लगता है कि पस्त हैं , बुलंद हों और उनके हौसले, जो यहां पार्लियामेंट तक पहुंचे हैं , उनके हौसले जो बुलंद हो चुके हैं , उनको रोका जाए , उनके हौसले पस्त किए जाएं । जनता अमन चाहती है , जनता उग्रवाद को रोकना चाहती है , जनता क्रॉस बार्डर टेरेरिज्म को बिल्कुल सख्ती से रोकना चाहती है और हिन्दुस्तान का जितना भी आवाम है , वह चाहता है कि वक्त इस जो अड्डे हैं, जो ठिकाने हैं , जहां मौत के सामान तैयार होते हैं , उनको बंद करो या बंद कराओ और उसके अलावा हमारे हिन्दुस्तान का जो इतिहास है और इस इतिहास के अंदर जो बडी-बडी अलामते हैं , हमारी निशानियां हैं , चाहे वह लाल किला हो या ताज महल हो , वह असेम्बली हो या पार्लियामेंट हो , उनको अच्छे ढ़ंग से महफूज किया जाए , उनकी रखवाली की जाए , उनकी पासबानी की जाए , यह जनता चाहती है । हमारी सरकार , हमारी हुकूमत क्या मैसेज देगी , हम उसका भी इंतजार करते हैं , सारी दुनिया और सारा देश उसका इंतजार करता है ।

जहां तक जम्मू-कश्मीर के आवाम का ताल्लुल है , वे सिर्फ दो चीजें चाहते हैं । पहले जम्मू-कश्मीर की आवाम कहती थी कि हमारे पांव पर ज़ख्म आ गया , मशरिक में आ गया , मशरिम में आ गया , शुमाल में आ गया , जुनूब में आ गया , टांग में आ गया लेकिन अब तो जिगर पर चोट आई है , भारत के जिगर पर चोट आई है , इसलिए अब उनको उम्मीद हो चुकी है कि अगर जिगर पर चोट आई है तो शायद अब हमारे लीडर इसका कुछ बंदोबस्त करेंगे और हमें इस मुसीबत से निजात दिलाएंगे । यही हमारी जम्मू-कश्मीर की मांग है , वरना वे यह कहते हैं कि -खाक हो जाएंगे हम तुमको खबर होने तक । सुबह प्राइम मिनिस्टर साहब ने जो तकरीर की है, सुषमा जी ने जो तकरीर की है उसके बाद सुझाव देने की कोई गुंजाइश नहीं है , लेकिन टाइम कम है , जाते-जाते यूं कहूंगा :-

बदलते दौर में जिसने बदल जाना नहीं सीखा ,
उसी को डालती है गरदिशे अय्याम खतरे में ।।

शुक्रिया ।

उपसभापति : श्री गांधी आजाद । अभी बहुत समय हो गया है, मुझे मालूम है कि आप लोगों के मन में बहुत भावनाएं हैं , मगर उन भावनाओं को आप अगर संक्षेप में बोलें तो अच्छा हो ।

श्री गांधी आजाद (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदया , मैं बहुत कम समय लूंगा ।

महोदया , 1 3 दिसम्बर , 2001 को संसद भवन में हुए घातक हमले में जो सुरक्षाकर्मी तथा अन्य कर्मी शहीद हुए हैं , उनके प्रति मैं अपनी तरफ से तथा अपनी पार्टी की तरफ से श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं और जो लोग घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं , उनके शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं करता हूं ।

महोदया , मंत्री महोदय के बयान के पैरा 2 में यह कहा गया है कि ' यह स्पष्ट है कि संसद भवन पर यह आतंकवादी हमला पाक स्थित और समर्थित आतंकवादी गुटों नामतः लश्करे तैयबा और जैश मोहम्मद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था । ये दोनों संगठन पाक आई.एस.आई. की सहायता प्राप्त करते हैं और उन्हें उनका संरक्षण प्राप्त है । ' पैरा 7 में उसी बात को पुख्ता करते हुए कहा गया है कि यह घटना एक बार पुनः सिद्ध करती है कि भारत में आतंकवाद पाकिस्तान स्थित आतंकवादी गुटों काम है जिन्हें पाकिस्तानी ISI से समर्थन और मदद प्राप्त होती है । आगे जाकर कहा गया है कि आई.सी. 814 विमान का अपहरण करके कांधार ले जाना, लाल किले पर आतंकवादी घुसपैठ तथा इस वर्ष एक अक्टूबर को श्रीनगर में जम्मू- कश्मीर विधानसभा परिसर पर हमले की योजना I.S.I. के कहने पर उग्रवादी गुटों द्वारा बनाई गई तथा अंजाम दी गई । देश में आतंकवादी हिंसा करने में विशेष रूप से लश्करे –तैयबा और जैशे-मोहम्मद सबसे आगे हैं । मेरे कहने का मतलब यह है कि सरकार अब मुतमईन हो गई होगी कि ये सारी घटनाएं जो हुई हैं,ये दो आतंकवादी संगठनों और पाकिस्तान द्वारा की गई हैं।

महोदया, अब देश की जनता सरकार की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है और जानना चाहती है कि इन आतंकवादी संगठनों को नेस्तनाबूद करने के लिए, जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है । दोषारोपण की दृष्टि से तो नहीं लेकिन जिझासा की दृष्टि से देश की जनता यह भी जानना चाहती है कि गुप्तचर तंत्र घटना घटित होने से पूर्व ही इनका पता क्यों नहीं लगा लेते ताकि इस प्रकार की घटनाएं ही घटित न हों ।

महोदया, समाचारपत्रों के माध्यम से यह सर्वविदित था कि देश के प्रमुख लोगों को भी इस प्रकार की घटना की आशंका थी । मैं इस घटना के विषय में जानना चाहता हूं कि आखिर इसे रोकने के लिए क्यों नहीं समुचित व्यवस्था की गई? महोदया, आतंकवाद का देश से ही नहीं, बलिक दुनिया से खात्मा करने की जरूरत है । इसके लिए दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति की जरूरत है । किसी जाति, समुदाय और धर्म मे कोई एक व्यक्ति दोषी हो सकता है लेकिन पूरी जाति, समुदाय और धर्म दोषी नहीं हो सकता है, इस बात का भी हमें ध्यान रखना पडेगा ।

महोदया,संसद भवन भारत मां के दिल की धड़कन है, इसे मजबूत और सुदृढ़ करने के लिए हम सबको दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर, संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है । ये लोग आतंकवाद का हौआ कब तक खड़ा करते रहेंगे? अगर हम देश में और देश की सरहदों पर शांति चाहते हैं तो हमें युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि यह कहा गया है कि - If you want peace, prepare for war.

अंत में मैं इस घटना में शहीद हुए लोगों को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। धन्यवाद ।

THE DEPUTY CHAIRMAN: I am in difficulty now. जो तीन नाम मैं लूंगी , अगर वे तीन-तीन मिनट-बोलेंगे तो मैं तीनों को इजाज़त दे दूंगी । सिंहल जी, तीन मिनट में बोल दीजिए । He will abide by three minutes.

SHRI B.P. SINGHAL : Madam, you will find my standing up jusiified. Madam, i salute the martyrs who laid down their lives. They have cheated death by becoming immortal. They have now achieved that glorious

death which every man in uniform really desires because people can die a natural death, but a death on duty is a glorious death and they have achieved that by saving all of us. It is a great opportunity for the whole nation to pay a tribute to them now.

Madam, I have been hearing that the Muslims are suspected. I don't know what makes them say this. I heard people saying in great frenzy that the Muslims have to prove their loyalty. The Muslims have proved their loyalty in the wars of 1965, 1971 and 1999. They don't have to prove their loyalties beyond this. But I want to say this, Madam, that the explosions caused by the Deen-dar-Anjuman, the ISI links with SIMI, the scattering of Madrasas right on the borders of our country and the utterances of Imam, cause concern not only to us, but to every one in the House. I am glad that Shabanaji was bold enough to counter the Imam's terrible version.

Madam, I was at Gate No. 12 when all this happened, and I was the first person to witness the whole thing. That car entered in my presence. They started firing when my car was reversing. Madam, there was success in the sense that they could not enter the Parliament House. Notwithstanding what is being said outside, in the Press, and by various leaders, I had expected when all of us assemble here and have a discussion on this, the whole House will applaud and congratulate the Speaker, who is in charge of the entire security arrangements inside the Parliament, and congratulate the Government for what it has saved. But what I heard here is very different. Holes were dug. I am reminded of a cartoon wherein it was shown that one child was drowning in the sea. A man rushed in. The parents standing there were pointing that their child was drowning. That man rushed in, picked up the child, brought it to the parents and asked whether it was their child. They said, " Yes. Thank you so much, but this child was wearing a cap. Where is that?" You see, he brought their child, but they wanted to know where the cap was. Just because that cap was not there, all his efforts to save the child were neutralised. That kind of thinking I have witnessed here, today. After all, how did the security lapse take place at Gate No. 2? I am witness to that. In the last Session, Madam, I was a little late I was coming to Parliament House. I stopped, because a lot of argument was going on between the security man and one man sitting on the rear seat. Arguments after arguments were going on, and I was honking. When that car left after about five minutes of arguments, I asked the Security man what the matter was. He said साहब

उन्होंने तीन आदमी बैठाए हुए हैं । मैं उनसे पास मांगता हूं तो वह कहते हैं कि मैं एम. पी. हूं , जानते नहीं हो तुम यह मेरे साथ हैं । मैंने कहा कि पास तो जरुरी हैं । तो उसको क्या-क्या गाली मिली हैं । cannot say that here. उसने कहा कि क्या हम गाली खाने के लिए खडे हुए हैं यहां पर । अगर इस तरह से वह ट्रीट होगा तो what he will do लेबल देखा चलो आगे । क्या करेगा , गाली खाने के लिए नहीं बैठा है वह । The people in uniform have to be respected for what they are doing. Until, Madam, we MPs begin to enjoy being frisked; until we begin to enjoy being subjected to the restrictions of security not tolerate, but enjoy situation will not improve. The other day, I was standing in a queue at the Delhi Airport. Two MPs were going. One of the MPs said, come on, let us go'forward. I said "I enjoy remaining in the queue'. So, unless you begin to enjoy standing in the queue, unless we begin to enjoy being frisked, unless we begin to enjoy the restrictions that are placed on the common man, the situation will not improve.

उपसभापति : सिंहल साहब , आपके तो तीन मिनट कब के खत्म हो गए ।

श्री नीलोत्पल बसु : वह अच्छा बोल रहे हैं ।

SHRI B.P. SINGHAL: Madam, I would make only two more points *...(Interruptions)...* Madam, many things are being said about the country being soft. Madam, on 31[81] of May, I sent a letter to the hon. Prime Minister because I felt that MPs were very soft targets. And when Parliament is attacked, any of the MP can be picked *up...(Interruptions)...*

उपसभापति : सिंहल साहब , सब लोगों को जवाब सुनना है ।

श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल : एक मिनट दे दीजिए इस पोइंट को खत्म कर दूं ।

SHRI B.P. SINGHAL: I sent a letter to the hon. Prime Minister telling him that hereafter, if I am kidnapped, and, if I am held to ransom by a terrorist, I will expect my Government to storm the terrorist even if it means my destruction. I wrote this letter to the hon. Prime Minister endorsing a copy to all the MPs to like-wise write to the PM. Madam, you know, only five MPs responded. If the MPs cannot stake their lives for the nation, how do we expect this nation to be not soft? It will be soft. It will be as strong as we can make it. So, this is one point that I would like the Members of Parliament to reconsider. And, lastly, I would urge that we should see that all the unauthorised red and blue lights, that are flashed on the car, are removed not only in Delhi but also throughout the country. Thank you.

उपसभापति : श्री संजय निरुपम । संजय जी , आप दो मिनट बोल लीजिए ।

श्री संजय निरुपम : मैडम , आप घंटी मत बजाइयेगा , मैं खुद बैठ जाऊंगा ।

उपसभापति : घंटी तो बजानी ही पडती है ।

श्री संजय निरुपम : मेरा भाषण विस्तृत नहीं होगा । मेरे दो तीन सुझाव हैं । उपसभापति महोदया , सबसे पहले मैं आपका आभारी हूं जो आखिरकार आपने मुझे बोलने का समय दिया । पिछले दो दिनों से बहस चल रही है और दोनों दिनों की बहस को मैं गम्भीरतापूर्वक सुन रहा हूं । मौटे तार पर तीन बातें उसमें निकलकर आई हैं । पहली बात तो सुरक्षा अधिकारियों के बारे में जो बाहरी आशंकाएं थी वे सारी आशंकाएं खत्म हो गई हैं और सदन ने एकमत से जो पार्लियामेंट के सुरक्षा-रक्षक थे उनकी तारीफ की , उनकी प्रशंसा की ,उनको श्रद्धांजलि दी । दूसरी बात जो गम्भीरतापूर्वक निकलकर आई जिसको पूरे सदन ने माना और सरकार को उसने समर्थन दिया कि इस आतंकवादी घटना में पाकिस्तान का हाथ है और पाकिस्तान कहीं न कहीं शामिल है । लश्करे-तैयबा और जैशे – मोहम्मद कोई ज्यादा मायने नहीं रखते हैं वे हर साल नाम बदल सकते हैं, लेकिन पाकिस्तान और आईएसआई ये इसमें शामिल हैं,यह बात सदन ने मानी है । तीसरी बात जो सदन की तरफ से सामूहिक रूप से निकल कर आई है वह यह है कि भारत को निश्चित तौर पर एक सख्त कार्यवाही करनी चाहिए । वह सख्त कार्यवाही किस तरह की होगी उस पर मतभेद हैं, थोडे अलग-अलग विचार आए हैं । एक विचार युद्ध के संदर्भ में निकलकर आया है और वह यह है कि एलओसी क्रॉस की जाए । जो पाकिस्तान आक्युपाइड काश्मीर है उसमें जो टेरेरिस्ट कैम्प हैं, उन पर अटैक किया जाए, उन पर हमला किया जाए , उनको नेस्तनाबूद किया जाए । दूसरा विचार यह है कि अगर इस तरह के कदम उठाये गए तो न्युक्लियर वार हो सकता है,नाभकीय युद्ध हो सकता है और बहुत बडा हादसा हो सकता है, बहुत बडा खतरा हो सकता है । मेरा कहना है कि पूरे देश की ऎसी इच्छा है कि भारत सरकार को एक सख्त कदम आज उठाना चाहिए, इस परिसिथति में, इस संकट की घडी में । अगर युद्ध तत्काल सम्भव नहीं है, उसके लिए तैयारी करनी है तो युद्ध से पहले भी कुछ कदम उठाये जा सकते हैं । उसके लिए दो - चार सुझाव मैं अपनी तरफ से दे रहा हूं जो कि यहां दिए गए भाषणों में से आए हैं जिनको एकसाथ इकट्ठा करके मैं बता रहा हूं । पाकिस्तान के साथ हिन्दुस्तान को अब किसी भी तरह का सबंध नहीं रखना चाहिए । पाकिस्तान को आप अपना दुश्मन देश तत्काल घोषित कर सकते हैं इतने सबूत हमारे पास हैं , इतनी तबाही पाकिस्तान ने हमारे देश में मचा रखी है कि पूरी दुनिया में कम से कम एक मैसेज देने के लिए ,एक संदेश देने के लिए हम पाकिस्तान को ऎनीमी कंट्री डिक्लियर कर सकते हैं, घोषित कर सकते हैं । पाकिस्तान के ऊपर एक कूटनीतिक दबाव हमें स्थापित करना चाहिए, कूटनीतिक दबाव स्थापित करने के लिए, कूटनीतिक दबाव डालने के लिए निश्चित तौर पर पकिस्तान से संबंध तोड़ने चाहिए । जैसा कि कुलदीप नैयर साहब ने बताया कि पाकिस्तान से अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाना चाहिए और जो यहां पर उनके उच्चायुक्त हैं,उनको भी वापस भेज देना चाहिए । आज पाकिस्तान के हाई कमीशन में लगभग तीन सौ कर्मचारी हैं ।मैं इन तीन सौ कर्मचारियों में से सबके लिए नहीं बोल रहा हूं, लेकिन इनमें से ज्यादातर आई. एस. आई. के एजेंट हैं । इन आई.एस. आई. एजेंट को पालकर रखने की हमें कोई जरुरत नहीं है, इन्हें वापस भेज देना चाहिए , कम से कम इनकी डाउन साइजिंग होनी चाहिए । अगर डाउन साइजिंग नहीं कर रहे हैं तो इन्हें हमेशा के लिए इस हाई कमीशन को क्लोज कर देना चाहिए । हमें किसी भी तरह का डिप्लोमैटिक रिलेशन नहीं रखना चाहिए । तीसरी बात है कि पाकिस्तान को हमने मोस्ट फेवर्ड नेशन का एक दर्जा दे रखा है । अलग – अलग देश दूसरे देश को देते हैं । हमने पाकिस्तान

को मोस्ट फेवर्ड नेशन क दर्जा क्यों दिया है? इसका क्या फायदा है? भारत चाहे तो मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा वापस ले सकता है । हमारा पसंदीदा देश पाकिस्तान आज की तारीख में नहीं है, इस समय नहीं है । . . . (**व्यवधान**) . . .

एक माननीय सदस्य : पहले था ?

श्री संजय निरुपम : कभी नहीं था । लेकिन समय- समय पर ऐसी सरकारें आई, ऐसे –ऐसे लोग आये , ऐसे-ऐसे प्रधान मंत्री आये कि उनके मन में पाकिस्तान के प्रति कुछ ज्यादा ही ऑबसेसन था और उस ऑबसेसन को दिखाने के लिए उसका प्रदर्शन करने के लिए इस तरह के कदम उठाये गए । मेरा सुझाव यह है कि एमएफएन का जो स्टेटस है उसको वापस लिया जाए । हमको पाकिस्तान की शक्कर नहीं चाहिए । समझौता एक्सप्रेस ट्रेन के बारे में बाकायदा इंटेलीजेंस की रिपोर्ट है कि उससे जाली नोट आते हैं , ड्रग्स आती है , उससे आईएसआई के एजेंट्स आते हैं , उससे आतंकवादी आते हैं , बावजूद इसके हम समझौता एक्सप्रेस ट्रेन क्यों नहीं बंद कर पाये ? यह मेरा प्रश्न है । माननीय गृह मंत्री जी और माननीय विदेश मंत्री जी यहां पर मौजूद हैं । जितनी जल्दी हो सके इस समझौता ट्रेन एक्सप्रेस को बंद किया जाना चाहिए । जो लाहौर की बस थी , बडी मशहूर बस थी , जिसको स्वयं आदरणीय प्रधान मंत्री जी लेकर गए थे, उस बस को अब बंद कर देने में ही भलाई है । ...(समय की घंटी)...

मैडम , मैं एक-दो बातें बताकर अपनी बात खत्म करुंगा । पाकिस्तान एयरलाइन्स जो हमारे ऊपर से , हिन्दुस्तान के ऊपर से ओवर फ्लाई करता है , उसे जो ओवर फ्लाइट की फैसेलिटी है उस फैसेलिटी को , उस सुविधा को भी खत्म किया जाए । अगर उस सुविधा को हम खत्म करते हैं तो पाकिस्तान एयरलाइन्स की फ्लाइट को आठ घंटे का नुकसान हो सकता है । अगर इस्लामाबाद इस तरह का कोई रिएक्शन देता है तो हमें एक-डेढ़ घंटे का नुकसान होगा । इसीलिए कि पूरी दुनिया को एक संदेशा देने के लिए कि पाकिस्तान एयरलाइन्स का जो ओवर फ्लाई हिन्दुस्तान के ऊपर से है उसे कैंसिल किया जाए । ऐसा नहीं है कि मैं ऐसा कोई पहली बार सुझाव दे रहा हूं और ऐसा भी नहीं है कि ऐसा कभी नहीं हुआ है । स्वयं इंदिरा गांधी जी ने 1971 के अंदर इस तरह का निर्णय लिया था , इस तरह का निर्णय लागू किया गया था । आखिरी बात कहूंगा । सिंधु नदी जल समझौता , जो इंडस रिवर ट्रीटी है , उस ट्रीटी के तहत , उस संधि के तहत , उस समझौते के तहत हम पाकिस्तान को बडे पैमाने पर पानी देते हैं ।

उपसभापति : घंटी बजाऊं क्या ?

श्री संजय निरुपम : मैं बस खत्म कर रहा हूं । आखिरी बात कहना चाहता हूं । उस संधि के तहत हम पाकिस्तान को पानी देते हैं । आज वह समय आ गया है कि उस संधि को रद्द किया जाए । महोदया , सुरक्षा परिषद के जिस प्रस्ताव की चर्चा कपिल सिब्बल जी कर रहे थे – 1,373 – उस प्रस्ताव में लिखा हुआ है कि कोई भी देश जिसके साथ आपकी ट्रीटी हुई है , संधि हुई है , अगर वह देश आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है और आपके पास सबूत हैं , यदि आप उन्हें कह रहे हैं कि आतंकवादी गतिविधियों को बंद करो और वह नहीं मानते हैं तो किसी भी संधि को आप स्क्रैप कर सकते हैं । कम से कम आप अपने आपको वापिस ले सकते हैं । जिस दिन इस संधि को स्क्रैप किया गया , इस संधि को रद्द किया गया , पाकिस्तान में पानी का संकट पैदा हो जाएगा और पानी का संकट कोई साधारण संकट नहीं होता । पाकिस्तान अपने आप तबाह हो जाएगा । कहीं न कहीं पाकिस्तान के खिलाफ पूरे हिन्दुस्तान में और पूरे विश्व में संदेश देने के261

लिए और पाकिस्तान पर कूटनीतिक दबाव पैदा करने के लिए युद्ध से पहले कूटनीतिक कदम उठाए जाने चाहिए , यही मेरा आपके माध्यम से निवेदन है । धन्यवाद ।

उपसभापति : श्री ऐमादुद्दीन अहमद खान (दुरु) । आप दो मिनट में बोल दीजिए ।

SHRI AHMADUDDIN AHMAD KHAN (DURRU) (Rajasthan): Madam Deputy Chairman, I have just a few clarifications to seek. At the very outset, I wish to join my colleagues in condemning this act of terrorism and all acts of terrorism in this country; and also pay my homage to the martyrs. Madam, through you, I want to seek certain clarifications from the Home Minister. At a function held by the *Pioneer,* the Prime Minister had said, "This was very well planned at the heart of the nation; and at the Parliament." But I noticed the very next day, the Commissioner of Police saying, "The terrorists have first gone to the airport and finding that it was very well guarded, then, they came here." So, I think there is a bit of contradiction at the top level. I would be grateful if the hon. Home Minister clarifies this point.

The other thing which I would like to mention is about a report that appeared in the newspaper two days back that the car dealer who had voluntarily and immediately gone to the police with the photographs and the documents was held in custody for four days, and that his family was not allowed to see him and his lawyers were not allowed to see him. This was the report two days back. If this kind of treatment is meted out nobody is going to come forth in the near future and give voluntary information to the police. I would appreciate a comment on this.

The third clarification that I would like to seek is on the article written by our colleague, Shri Kuldip Nayyar on the I4^{m} December wherein he mentioned that the Watch and Ward staff told him during this period that there was a proposal to give them arms, but it had been lying with the Home Ministry for a long time. Now, is there any such proposal? If there is such a proposal, what is its position?

Lastly, I would like to say that a solution to terrorism is not only a law and order problem, is not only a military problem but is also a political problem. I would request the Government to kindly consider the political option also. Thank you very much.

THE DEPUTY CHAIRMAN: If I see the list, there are many Members who want to speak. But the Charman Saheb has already come and it is already 5.45 p.m.

मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी (**झारखंड**) **:** दो मिनट के लिए अगर मुझे इनायत कर दें तो आपकी बडी कृपा होगी ।

उपसभापति : अभी चेयरमैन साहब आ गये हैं । आप उनके सामने बोल दीजिएगा । आप खडे हो जाइए । दिक्कत यह है कि दो मिनट में कोई खत्म नहीं करता ।

† **मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी** : मैडम , बहुत बहुत शुक्रिया । बहुत ग़मज़दा माहौल है । मैं सिर्फ अपने अहसासात को रखना चाहता हूं । 13 दिसंबर का हादसा हमारे मुल्क के लिए एक ऐतिहासिक चुनौती बन गया है । कुछ लोग मुल्क से पहचाने जाते हैं । हम उन शहीदाने-वतन को सलाम करते हैं जिन्होंने हमारे मुल्क को अपना खून-ए-जिगर देकर पहचनवाया है । दुश्मने हिन्द ने जिस तरह मुल्क की इज्जत को खाक में मिलाने की नापाक कोशिश की थी , उनके नापाक ख्वाब शर्मीदये-ताबीर नहीं हो सके और मादरे-वतन के सपूतों ने मुल्क की आबरु रखकर हिन्दुस्तान का सर फक्र से ऊंचा कर दिया है । हिन्दुस्तान को आजाद कराने के लिए जिस तरह मुजाहिदीन ए हिन्दुस्तान ने आजादीए हिन्दुस्तान पर अपने लखते जिगर , अपने जानोमाल की कुर्बानी देकर सलीबोरसन का फंदा चुमा था, आज हमारी नई नस्ल हिन्दुस्तान की आजादी को बचाने के लिए अपने बुजुर्गों के नक्शे कदम पर चलकर कुर्बान हो गई । मैं उन तमाम शहीदाने वतन को अभी यहां बैठे-बैठे सलामे अकीदत पेश करने के लिए कुछ चीजें लिख रहा था । मैं इस वक्त जजबात से बहुत ज्यादा भरा हुआ हूं । मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि देश की संसद बचाने वालो तुमको सद सलाम । इतिहास के पन्नों पर आने वालो तुम को सद सलाम । जान देकर दुश्मनों के दांत खट्टे कर दिए । मुल्क की इज्जत बचाकर इस जहां से हट गए । आसमाने हिन्द पर रौशन तुम्हारा नाम है , मादरे हिन्दोस्तां को शत शत प्रणाम है । दुश्मने हिन्द बाज आएं , बेहूदा काम से । हम जलाकर खाक कर देंगे निशानों नाम से । आजादिए हिन्दोस्तां को दाग लग सकता नहीं , मुल्क की इज्जत पे जो मरता है,मर सकता नहीं । हम मुल्क की इज्जत पर मरने वालों को सलाम पेश करते हैं और हम किसी पे इल्जाम लगाए बगैर यह कहना चाहेंगे कि हमारा दुश्मन बहुत चालाक है । हम अपने दुश्मनों की हर चालाकी का मुंह तोड जवाब देने के लिए हर कदम पर चौकस रहें और आपस में तमाम हिन्दुस्तानियों में अखूवत व मोहब्बत का पैगाम पहुंचाकर तमाम हिन्दुस्तानियों के दिल जीतें । हमारा दुश्मन खुद अपनी मौत मर जाएगा । खुदा करे हमारा मुल्क हमेशा जिंदा रहे , ताबिन्दा रहे , रौशन और पाइन्दा रहे , शुक्रिया , खुदा हाफिज ।

[**श्री सभापति पीठासीन हुए**]

गृह मंत्री (**श्री लाल कृष्ण आडवाणी**) **:** सभापति महोदय, सबसे पहले मैं क्षमा प्रार्थाना करना चाहूंगा कि बहस के दौरान मैं उपस्थित नहीं हो सका । पहली बार ऐसा हुआ है कि इतनी महत्वपूर्ण बहस दोनों सदनों मैं एक साथचली है । सामान्यतः इस प्रकार की स्थिति में एक स्थान पर बहस होती है, उसके बाद दूसरे स्थान पर होती है । लेकिन कुल मिलाकर जब यह निर्णय हुआ कि दो-दो दिन तक बहस चलेगी तो यही उपयुक्त समझा कि दोनों सदनों में एक साथ बहस शुरू की जाए । मैं लोक सभा में वक्तव्य दूं और इस सदन के नेता मेरी ओर से उसी वक्तव्य को वहां दें और इसका उत्तर मैं दोनों सदनों में जाकर दूं । मैं उस सदन की बहस तो

† Transliteration of the speech in Penjian Script is available in the Hindi version of the debate.

पूरी सुन पाया इसलिए मेरे मन पर उसका गहरा प्रभाव हुआ । इस सदन में मैंने अभी – अभी कुछ भाषण सुने । मैं प्रधान मंत्री जी का भाषाण देख रहा था , उन्होने लगभग वही बातें कहीं जो मैंने उस सदन में कहीं ।यह ऐसा अवसर है जिसमें जिस उद्देश्य से मैंने वक्तव्य तैयार किया था और जो एक प्रकार से वक्तव्य के अंतिम पैरा में प्रकट होता है । पैराग्राफ- 10 में मैंने लिखा है, "The Prime Minister in his address to the nation on the 13th December, 2001 has declared that the fight against terrorism had reached a decisive phase. The supreme sacrifice made by the security personnel who lost their lives in this incident will not be allowed to go in vain." I would emphasise this. हम केवल होमेज पे नहीं करते, उनके प्रति केवल श्रद्धांजलि अर्पित नहीं करते बल्कि हम इस बात के लिए कृत संकलिप्त हैं कि यह जो बलिदान उन्होंनें दिया है वह व्यर्थ न जाए Those behind the attack on Parliament House should know that the Indian people are united and deter/nined to stamp out terrorism from the country. मैं मानता हूं कि यहां पर वक्तव्यों में भले ही सरकार की अमुक चीज गलत थी कि सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए था, ऐसा करना चाहिए था, इस प्रकार की आलोचना भी हुई हो तो भी कुल मिलाकर उस सदन में या इस सदन में जो भाषण हुए हैं उसमें यह बात कॉमन है कि टेरेरिज्म को स्टैम्प आउट करना चाहिए । उसके लिए अगर कठोर से कठोर कदम उठाने पडे तो वह भी उठाने चाहिए । मतभेद हो सकता है कि यह कानून होना चाहिए या वह कानून होना चाहिए । यह एक स्वाभाविक बात है, इसमे कोई बात नहीं है । लाइन ऑफ कंट्रोल क्रास करना चाहिए या नहीं करना चाहिए, ये सारी चीजें ऐसी हैं जिनका संबंध और फैक्टर्स से है इस इच्छा से वह संबंधित नहीं है । हरेक टेरेरिज्म को समाप्त करना चाहता है ताकि टेरेरिज्म इस देश में फिर से वैसा स्वरूप न ले जैसा उसने आज ले रखा है । जैसा मैंने आगे कहा है, पैराग्राफ आठ में कि Last week's attack on Parliament is undoubtedly the most audacious, and also the most alarming act of terrorism in the nearly two-decades-long history of Pakistan-sponsored terrorism in India. इससे ज्यादा और क्या हो सकता है? क्या कर सकते हैं? हत्याएं तो वे करते रहे हैं । यहां पर हत्या तो नहीं कर पाए लेकिन हमारे सुरक्षाकर्मियों को अपनी जान गंवानी पडी । लेकिन संसद पर आकर हमला करने का दुस्साहस करना इससे बढ़कर कुछ नहीं हो सकता है और यह उन्होंने किया है । इसीलिए इस चीज को ध्यान में रखकर मैंने कहा कि बाकी चीजों पर हमारे मतभेद हों भी लेकिन इस विषय में सारा देश एक है it is united. मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि कुल मिलाकर दो दिनों की बहस, जो दोनों सदनों में हुई है उसमें से यह संदेश देश में गया है, दुनिया भर में गया है कि सारा देश इस मामले में एक है। इसीलिए हरेक वक्ता अपनी बात कहता है, आलोचना करता है लेकिन अंत में यह भी कहता है कि इस परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए, टेरेरिज्म को समाप्त करने के लिए आप जो कदम उठाएंगे उसमें हम आपके साथ हैं, सरकार के साथ हैं । आप सोच-विचार कर कदम उठाइए, आप सारे पहलुओं को विचार करके कदम उठाइए ।सारे यही बात कहते हैं । अर्थात् हरेक को लगता है कि ऐसी स्थिति का मुकाबला करना पड़ सकता है जब देश की एकता सर्वोपरि रहेगी । देश की एकता और देश के संकल्प से बढ़कर और कुछ नहीं होगा । मेरे मतभेद किसी के साथ होंगे, आपके मतभेद मेरे साथ होंगे लेकिन इस समय देश की एकता जरूरी है । जब मैंने ओबैदुल्ला आजमी जी का आखिरी वक्तव्य सुना तो मुझे लगा कि इससे बढ़कर और क्या होगा । श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होने अपनी बात इस ढ़ंग से कह दी जिसमें यही बात व्यक्त हुई जो यहां पर कही गई है ।

इसमें तथ्य भी दिए हैं, थोडे-बहुत दिए हैं, सबने दिए हैं। हमारे कमिश्नर ऑफ पुलिस ने जो प्रेस कांफ्रेंस की थी उसमें बहुत सारी बातें कही थीं जो मैंने नहीं कही। मुझे नहीं लगता कि संसद में आकर मैं उन बातों को कहूं जिनका सीधा संबंध संसद या मोटे एप्रोच से नही है। दोनों संस्थाओं को मैंने नेम किया है, मैंने नाम लिया है कि इसमें हमारे पास जितने तथ्य आए हैं उसके आधार पर हम कह सकते हैं कि ये जो पांच स्युसाइड स्कवैड के सदस्य आए थे वे पांचों के पांचों पाकिस्तानी हैं। इनमें एक का नाम मोहम्मद है। उसका असली नाम क्या है, पता नहीं है लेकिन जिन्होंने उनके लिए सारी व्यवस्था की थी, तालमेल बिठा कर सारे ऐक्शन को कॉओर्डिनेट किया था उन्होनें जो नाम दिए हैं वे इस प्रकार से हैं : मोहम्मद,हम्जा, तुफैल, इसका दूसरा नाम हैदर भी है, राजा और राणा । ये पांचों पाकिस्तानी हैं, जिन पांच पाकिस्तानियों ने यहां आकर इस प्रकार से काम किया । मैं उन चीजों में भी नहीं गया जिसके बारे में लोगों ने पूछा होगा कि ये पार्लियामेंट स्ट्रीट से आए या विजय चौक से आए। ये बातें ऐसी हैं, जिनके सहारे, जो जांच कर रहे हैं, वह जा रहे हैं। सी.सी. टी.वी. एक बात कहता हैं। जो हमारा क्लोज सर्किट टी.वी. है, संसद में जो स्पीकर के यहां है, उसमें से एक वर्सन निकला है। लेकिन जो एक जनरल वर्सन स्वीकार हुआ है वह यह है कि वह तो विजय चौक से आए। लेकिन यह महत्व की चीज इतनी नहीं है, महत्व की चीज यह है कि इंटरनल अरेंजमेंट्स को मानिटर करने के लिए कहां गलती हुई। अगर गलती हुई तो ये कैसे हुई। कई लोगों ने अपने भाषणों में कहा, यहां पर भी और वहां पर भी कि सरकार को अगर पता था कि इस प्रकार का हमला हो सकता था तो आपने इस बारे में क्या कार्यवाही की। सरकार को पता था क्योंकि कहते हैं कि प्रधानमंत्री ने 12 तारीख शाम को जो मुंबई में कार्यक्रम था, उसमें इसका जिक्र किया था कि कौन जाने कल संसद पर हमला हो जाए। उन्होंने किन शब्दों में कहा, मुझे जानकारी नहीं। मैंने कहीं पर भाषण में कहा, उस सदन में कहा और एक बार बाहर भी कहा कि हम लोगों को महाराष्ट्र से सूचना मिली है कि एक सज्जन वहां पर ऐसे पकड़े गए हैं जिनका नाम है अफरोज। एक व्यक्ति पकड़ा गया है, मेरा भाव जो है वह व्यक्ति के नाते है। देवियों और सज्जनों करके हम सब को कहते हैं जो भी बैठा हुआ हो वहां पर । लेकिन वह व्यक्ति , जो पकडा गया है , उसने यह कन्फेश किया है , मैंने यह नहीं कहा कि मुझे कोई जानकारी है। मैंने कहा कि उसने जो कन्फेश किया है और जिस कन्फेसन को उसने कल कोर्ट में जाकर किया है , वैसे का वैसे किया है या उसमें फर्क है , इसकी मुझे जानकारी नहीं है क्योंकि डाक्युमेंट विद दि कोर्ट हैं। लेकिन हां , उन्होंने जो बात कही है वह चौंकाने वाली है। चौंकाने वाली इसलिए है कि 11 सितम्बर को जो घटना न्यूयार्क में हुई , वाशिंगटन मे हुई , हम समझते थे कि वह अमेरिका के लिए ही घटना की गई थी। लेकिन अफरोज के कहने के अनुसार इस प्रकार के सारे षडयंत्र का वह भी एक हिस्सा था। उनका काम था कि वह लंदन में जाकर वहां पर हाउस आफ कामंस पर हमला करें , इस दृष्टी से उनको आस्ट्रेलिया भेजा गया , उनको हवाई जहाज चलाने का प्रशिक्षण दिया गया , वहां से उनको फिर ब्रिटेन भेजा गया , ब्रिटेन से फिर उनको अमेरिका भेजा गया और सब स्थानों पर उनको हवाई जहाज चलाने का प्रशिक्षण देकर उनको इस टीम का हिस्सा बनाया गया , जिसका काम था जाकर वह हाउस आफ कामंस पर हमला करें। उन्होंने यह भी कहा कि एक तीसरी टीम थी जिसके सुपुर्द यह काम दिया गया कि आप इंडियन पार्लियामेंट पर , नयी दिल्ली में जाकर इसी प्रकार का हमला हवाई जहाज से करो। वह पकडा गया अक्टूबर के महीने में और उसके बाद जो सूचना मिली , उस सूचना के आधार पर हमने आस्ट्रेलियन गवर्नमेंट को ,आस्ट्रेलियन इंटेलीजेंस से सम्पर्क किया , ब्रिटिश इंटेलीजेंस से संपर्क किया , एफ. बी . आई . को सम्पर्क किया , अमेरिका गवर्नमेंट को बताया , जिन जिन को बताना था बताया

6.00 p.m.

और अपने लोग भेजकर कम से कम उसका अपना जो वर्सन था , अपने बारे में कि आस्ट्रेलिया में इस स्थान पर मुझे प्रशिक्षण मिला , इतने दिन मैं वहां पर रहा , इन इन स्थानों पर रहा , उसको कन्फर्म किया और पाया कि वह सही है । बाकी चीजें सही हैं या नहीं हैं , इस निष्कर्ष पर अभी पहुंचे हैं लेकिन इस निष्कर्ष पर जरुर पहुंचे हैं कि उन्होंने अपने बारे में जो बताया था वह सही था । बहुत ही मामूली घर का वह व्यक्ति है जिसके पास इतने पैसे आ ही नहीं सकते थे । लेकिन पैसे आए , ग्रिन्डले बैंक से आए , इधर से आए , उधर से आए , ये सारी चीजें कंफर्म हुई और उसके आधार पर मैंने कहा कि भारत की संसद पर भी हमला करने की योजना थी । लेकिन मैं इससे आगे बढ़कर कहूंगा कि इनके अलावा भी बहुत सारे मिलिटेंट्स पिछले दिनों पकडे गए थे , 105 आई .एस.आई. के मड्युल्स पिछले दिनों बर्स्ट किए गए हैं । जिसमें से 15 दिल्ली में थे और जब वह लोग पकडे जाते थे तो खुद बताते थे कि हमारी योजना है , हम संसद पर भी हमला करेंगे किसी न किसी दिन । कोई दिन निश्चित नहीं , कौन हमला करेगा इसका भी पता नहीं लेकिन संसद भवन पर हमला करेंगे यह जो चिंता थी , यह चिंता व्यक्त हुई , हमारे सामने आई । स्पीकर साहब को बताया गया और स्पीकर साहब को बताने के बाद स्पीकर ने भी अक्तूबर के महीने में एक मीटिंग बुलाई और उस मीटिंग में एक एक्सपर्ट कमेटी नियुक्त हुई जिस कमेटी ने यह रिपोर्ट दी जिसके अध्यक्ष थे श्री सुरेश राय , ज्वाइंट कमिश्नर आफ पुलिस , नई दिल्ली रेंज , नई दिल्ली । उसके वह अध्यक्ष थे , एक्सपर्ट कमेटी में संसद भवन की सिक्युरिटी के लिए जो इंचार्ज ज्वाइंट सेक्रेटरी हैं, वह भी सदस्य हैं और इन सब लोगों ने मिल कर के बहुत गहराई से अध्ययन किया और इसमें लिखा हुआ है, कोई पढ़ ले तो लगेगा कि यह तो प्रोफेटिक है, इन्होंने तो पहले ही कहा था कि यह होगा, इस प्रकार से होगा । मैं इसमें से कोट नहीं कर रहा हूं । इसलिए कोट नहीं कर रहा हूं क्योंकि मैं जानता हूं कि अगर मैं किसी भी दस्तावेज़ को कोट करुंगा तो I would be under an obligation to place it on the Table of the House. I cannot do it because it is a secret document and the recommendations made by them, if they are accepted by the Speaker and by us, will be implemented. I would not like these recommendations to go to our enemies. I would not like it. लेकिन मैं इतना ही कह सकता हूं कि इसमें इन बातों का साफ उल्लेख हो जाना चाहिए कि आज जो हमारी व्यवस्था है, वह बहुतही फ्रेजाइल है । किसी दिन कोई कार आ जाएगी और एक दिन यह हो जाएगा कि कोई आ कर के कुछ भी कर सकेगा । यह सारी बातें कही गई हैं । इसलिए जहां तक सरकार का सवाल है, सरकार की ओर से इस बारे में जो भी सावधानी संभव थी, वह सावधानी बरती गई है । स्पीकर साहब को सारी रिपोर्ट दी गई है और स्पीकर साहब भी अपने ढ़ंग से कर रहे थे । मुझे जानकारी है कि पिछले सप्ताह लेफ्टीनेंट गवर्नर से भी उन्होंने मुलाकात की, कमिश्नर आफ पुलिस से भी मुलाकात की, उनसे चर्चा कर के उन्होंने कुछ बातें तय की थी जिसकी उन्होंने आज शाम मेरे जवाब के बाद उस हाऊस में घोषणा की । मैं इतना ही कह सकता हूं कि दुनिया भर में टेरेरिज्म का मुकाबला करने वाले जितने लोग हैं, सब से अधिक अनुभव शायद हिन्दुस्तान का है । अमरीका को तो अभी अभी हुआ है, ब्रिटेन को कुछ समय से है क्योंकि ब्रिटन को आई. आर. ए. के टेररिज्म का मुकाबला करना पड रहा है । लेकिन जब से ले कर के यह सुइसाइड स्कवैड डवलप हो गये हैं और टेररिस्ट आर्गेनाइजेशंस ने आत्मघाती दस्ते तैयार किये हैं तब से आत्मघाती दस्तों से बचना काफी मुश्किल हो गया है । इतना मुश्किल हो गया है कि मैं उसी के कारण कहता हूं कि

जो कुछ सुरक्षाकर्मियों ने भारत के संसद भवन में प्राप्त किया है, यह असाधारण है, अनप्रेसिडेंटेड है । न केवल उन्होंने पांचों के पांचों सुइसाइड स्कवैड में से किसी एक को भी अन्दर नहीं घुसने दिया लेकिन 20 या 25 मिनट में पांचों के पांचों को समाप्त कर दिया । यह कोई मामूली बात नहीं है, बहुत बडी बात है । I am not trying to cover up any lapses, if there has been any, on our part. इन फेक्ट मैं जिस वक्त आया था तब पंडा जी बोल रहे थे । वह जो कह रहे थे वह व्यावहारिक था । हम अपने आपको देखें, कितनी मात्रा में हम पालन करते हैं । हमको कैसे रियेक्शन होता है । मुझे पता है पिछले तीन-साढ़े तीन सालों में सिक्युरिटी के मामले को देखते हुए मुझे लगता था क्यों भाई वी. आई.पी. कहता है मुझे वहां पर भेजो, मैं हवाई जहाज में जाकर सीधा बैठूंगा, मैं बाहर क्यों उतरूं कार से । मैंने कहा कि बंद करो, इसको खत्म करो । can't understand. * यह नहीं होना चाहिए । हर एक उसमें से जाएगा जैसे बाकी लोग जाते हैं कई लोगों ने शिकायत की है हम इतने सालों से जाते हैं, आपने बंद कर दिया । मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता हूं लेकिन यह जो असुविधाएं पैदा होती हैं सिक्युरिटी के कारण उन असुविधाओं को स्वीकार करने को हमको तैयार होना पड़ेगा । हमारे यहां पर सिक्युरिटी इनवायर्नमेंट उस प्रकार का बना नही है, जिसकी बहुत जरूरत है । संसद के इस कांड के बाद मैं समझता हूं कि इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर स्पीकर साहब स्वाभाविक है कि वे चेयरमैन साहब से भी सलाह करेंगे और वह जो निर्णय करेंगे, उसको हम शिरोधार्य करने के लिए तैयार होंगे। मैं इतना ही कह सकता हूं । अगर वह हो जाएगा तो फिर इस प्रकार की कार जो है वह अंदर आ जाए यह संभव नहीं होगा । कोई कहेगा कि कैसे उनके पास एम.एच.ए. का पास आ गया, होम मिनिस्ट्री का कैसे आ गया । यह तो आजकल ऐसा हो गया जैसे एक अखबार में ही लिखा था – मैं तो इंक्वायरी करने लगा था –तो मैंने अखबार में पढा कि उन्होंने हमारा जो वेब साइट है उससे डाउन लोड किया और डाउन लोड करके लगा दिया । कलर प्रिंटर से डाउन लोड करके लगा दिया All these things are of a nature which should be taken in their right perspective. वे सही परसपेक्टिव में ली जाएं ।

हां,सवाल आपने पूछे हैं । हमारे मित्र जसवंत सिंह जी ज्यादा अच्छा जवाब दे सकते थे जिन बातों का विदेशों से संबंध है । खास करके जब आज टेररिज्म के खिलाफ जिन्होंने वर्ल्ड कोलिएशन बना कर उसके ऊपर एक बहुत बड़ा हमला करने की घोषणा की है और हमला किया भी है, उनकी तरफ से इस प्रकार की घटना के बाद जब हमको कहा जाता है कि संयम बरतो तो सोचना पड़ता है । सोचना जरूर पड़ता है । मुझे स्वयं को याद है कि पिछली इस 11 सितम्बर के बाद या पिछले काफी समय में अमेरिका की ओर से –यह 11 सितम्बर के बाद की बात कर रहा हूं – मुझे जो भी मिला है उनसे बात करते हुए एक बात पर मैंने बल दिया । उन्होंने कहा कि भारत के लोग क्या सोचते हैं। मैंने कहा कि मैं समझता हूं कि आपको उसके बारे मे ज्यादा सोचना चाहिए । मैं भारत सरकार का प्रतिनिधि हूं, मेरे मित्र जसवंत सिंह जी भी भारत सरकार के प्रतिनिधि हैं , आप प्रधान मंत्री से मिले होंगे तो उनसे भी बात की होगी लेकिन आपको यह समझना चाहिए कि Like America, India is a live, vigorous democracy और यहां पर सरकार क्या सोचती है , सरकार की क्या प्रतिक्रिया है वह जितना महत्वपूर्ण है उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि आम जनता क्या सोचती है । मैं आपको फ्रेंकली कहता हूं , हम आपकी मजबूरी समझते हैं कि आपको पाकिस्तान को अपने साथ रखना क्यों जरूरी है । आपकी मजबूरी यह है कि भूगोल का तकाजा है कि पाकिस्तान आपके साथ हो, ज्योग्राफी का तकाजा है । आपकी मजबूरी यह है कि पाकिस्तान ही ऐसा देश है कि जिसको तालिबान के बारे में अधिक से अधिक जानकारी

है और अगर आपकी लड़ाई तालिबान से है तो पाकिस्तान आपके साथ रहे यह आपको जरूरी लगा, यह मेरी समझ में आता है । आपका यह दृष्टिकोण भी सही है जिससे हम पूरी तरह सहमत हैं । हम विशेष रूप से सहमत हैं कि यह लड़ाई इस्लाम के खिलाफ नहीं है, यह लड़ाई मुस्लिम देशों के साथ नहीं है, यह लड़ाई आतंकवाद के साथ है । इसकी जरूरत आपको इतनी शायद नहीं होगी समझाने की , आप तो हेटिंगटन की थीसिस भी उठाकर चलेंगे तो आपको कोई घाटा नहीं होगा । हमारा घाटा होगा । हम इस बात को कभी स्वीकार नहीं कर सकते कि आपकी जो लड़ाई है वह लड़ाई इस्लाम के खिलाफ बन जाय, मुस्लिम देशों के खिलाफ बन जाय । यह आखिर तो भारत है जिस भारत के अंदर आज इंडोनेशिया को छोड़कर पाकिस्तान से ज्यादा मुसलमान हैं , बंगलादेश से ज्यादा मुसलमान हैं। शायद दोनों को मिलाकर हमारे यहां ज्यादा मुसलमान हैं । कोई दुनिया का दूसरा देश नहीं है एक इंड़ोनेशिया को छोड़कर जहां पर इतने मुसलमान हों और वे मुसलमान जितने हैं वे आतंकवाद के खिलाफ तो लड़ेंगे लेकिन इस्लाम के खिलाफ या मुस्लिम देशों के खिलाफ क्यों लड़ेंगे । इसीलिए आप जो यह एप्रोच अपना रहे हैं, वह एप्रोच मैं सही मानता हूं । इसीलिए भी आपको पाकिस्तान को अपने साथ लेना जरूरी है, मैं मानता हूं । लेकिन मैं आपको कहना चाहता हूं फ्रेंकली और मैने कहा भी उनको कि हिन्दुस्तान का आम नागरिक नहीं समझ पाता है। हिन्दुस्तान के आम नागरिक को लगता है कि आतंकवाद तो हिंदुस्तान मे पाकिस्तान लया था । पाकिस्तान के कारण हमारे 50-50 हजार लोग पिछले इन 10-15 सालों में मारे गए और पाकिस्तान आज इनका सबसे बड़ा हिमायती बन गया है । इनके लिए पाकिस्तान सबसे बड़ा हो गया है । उनको सब प्रकार की सहायता – वित्तीय सहायता – आप देने को तैयार हैं । उनकी इक्नामिक स्थिति इतनी खराब है । उसमें आप दे रहें हैं। हिन्दुस्तान का नागरिक तो यह सोचता है कि यह जो पैसा इनको मिल रहा है या जितने डालर मिल रहे हैं ये भी हमारे खिलाफ आतंकवाद में,कश्मीर में, हमारे लोगों को मारने के लिए जाएंगे । यह बात उनके मन में आती है । इसीलिए अभी तो मैं यह समझ सकता हूं कि अफगानिस्तान पर फोकस है । लेकिन अफगानिस्तान पर फोकस होने के बाद कोई समय ऎसा आएगा जब आपको यह पहचानना होगा कि सब से अधिक आतंकवाद अगर किसी ने भुगता है तो वह भारत ने भुगता है और पाकिस्तान के कारण भुगता है । यह बात समझनी होगी । औपचारिक रूप से हमेशा उनका उत्तर यही होता था कि हम आपकी बात को मानते हैं और हम इतना आश्वासन देते हैं कि आतंकवाद को समाप्त करने के लिए हमने जो युद्ध छेड़ा है वह केवल तालिवान के खिलाफ नहीं है, वह बिन लादेन के खिलाफ नहीं है, वह तो आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई होगी चाहे वह कहीं पर भी हो । वह यह कहते थे । इसीलिए मैंने कहा कि जब अचानक एक दिन एक वक्तव्य आया कि भारत एप्रोप्रिएट एक्शन ले, तो यह तो हमको समझ में आता है, लेकिन दूसरे दिन आता है कि भारत को संयम अपनाना चाहिए तो इसमें थोड़ा सा मन में आता है कि क्या डबल स्टैंडर्ड होंगे, दोहरे मापदंड होंगे । वैसे मैं उम्मीद करता हूं कि नहीं होंगे । इस मामले में हमारे विदेश मंत्री जी ज्यादा अधिकार के साथ कह सकते हैं, जो मैं नही कह सकता, लेकिन इतना जरूर मैं कहना चाहूंगा कि आज, जबकि हम इस पक्के निश्चय पर पहुंचे हैं कि लश्करे तैयबा और जैशे मोहम्मद भारत की संसद पर अटैक करने के लिए अपराधी हैं, तो मैं उम्मीद करूंगा कि आतंकवाद के खिलाफ विश्व भर का जो कोयलिशन बना है वह खड़ा हो करके कहेगा कि केवलमात्र हम कंडेम ही नहीं करते हैं बल्कि हम चाहेंगे कि जिस-जिस देश में ये दोनों संस्थाएं काम करती हैं, वह-वह देश इनको प्रतिबंधित करें और इनके खिलाफ कार्यवाही करें और जो भी इनके नेता हैं उनको गिरफ्तार करके दंडित करें । इस पूरे कोयलियशन से यही दृष्टिकोण अपनाने की मैं अपेक्षा करता हूं । मैं और भी अपेक्षा करता हूं, आखिर

तो यह वही जैश-ए-मोहम्मद है, जिसने कि इसमें कफी भूमिका निभाई है, जिसके शाहबाज खान उर्फ गाजी बाबा जो कि प्रेजेंट चीफ कमांडर ऑफ जे.ई. एम. अर्थात जैश –ए-मोहम्मद हैं, उन्होंने मौलाना अजहर को प्लेन हाईजैक के सहारे छुड़वाया था ।ये दोनों आतंकवादी हैं और मैं अपेक्षा करूंगा कि ये दोनों और दाऊद इब्राहिम, इनको साथ-साथ भारत को सौंपना चाहिए । आखिर पाकिस्तान स्वयं आज आतंकवाद के खिलाफ जो विश्व युद्ध छेड़ा गया है ,उसका हिस्सा बना है । किसी ने अभी कहा ,शायद कुलदीप जी ने कहा कि वह वहां पर जो फंडामेंटलिस्ट हैं उनके खिलाफ कार्यवाही कर रहे हैं । कुछ लोग और भी कहते हैं, बहुत अछी बात है, लेकिन फंडामेंटलिज्म और कम्युनलिज्म ये दोष है, बुराइयां हैं, लेकिन Terrorism is something beyond that. टैररिज्म को कम्युनलिज्म के साथ कंफ्यूज नहीं करना चाहिए । Terrorism is barbarism. It is civilisation versus barbarism; or, at the most, you can say, it is democracy versus barbarism, versus terrorism. इसीलिए आज की परिस्थिति में जब संसद पर यह हमला हुआ है उसके बाद तो मै मानता हूं कि पाकिस्तान के रवैये में परिवर्तन आए । ठीक है, पहचान हो गई है कि टैररिज्म का नुकसान है । कभी-कभी मैं खबर पढ़ता हूं ,कहीं खबर आती है कि वहां पर होम मिनिस्टर ने और जनरल मुशर्रफ ने तय किया है कि जितने सारे मदरसे हैं उनका रजिस्ट्रेशन किया जाएगा,क्योंकि उन्होंने कहा है कि यहां पर जो शिक्षा दी जाती है वह प्राब्लम्ज क्रिएट करती है, इसीलिए हम उनको रजिस्टर करेंगे । यह जो कदम उठाए हैं, ठीक हैं, शायद दिशा बदल रही है, लेकिन दिशा बदलने का सबसे बड़ा प्रमाण होगा कि वह जम्मू-कश्मीर में, भारत में जिस प्रकार का टेररिज्म उन्होंने फैला रखा है, बेगुनाह लोगों की हत्याएं कर रहे हैं, उसको बंद करें । इस से बड़ा प्रमाण और कोई नहीं हो सकता । सभापति जी, मुझे याद आता है जब जनरल मुशर्रफ दिल्ली आए थे और तब जो चर्चा हुई थी ,उन से जो बातचीत हुई थी, अगर उस बातचीत में से कोई निष्कर्ष नहीं निकला,कोई सदपरिणाम नहीं निकला तो उस का सब से बड़ा कारण, और भी कारण थे, लेकिन सबसे बड़ा कारण सुबह का उन का टेलिविजन क व्याख्यान था जिसमें उन्होनें कहा कि जम्मू-कश्मीर में कोई टैरेरिज्म नहीं है । जम्मू-कश्मीर में तो एक स्वातंत्रय संघर्ष चल रहा है, एक आजादी की लड़ाई चल रही है और उस आजादी की लड़ाई में अगर पाकिस्तान उनका साथ दे रहा है,उन का सहयोग कर रहा है तो उसमें कौन सा बड़ा दोष हो गया । आप ने बांग्लादेश में मुक्तिवाहिनी को सहयोग दिया था । यह जो उन का भाषण था, यह जो उन का वक्तव्य था, वह एक प्रकार से सबसे बड़ा कारण बन गया उस सारी वार्ता को विफल करने का ।

सभापति जी , मैं आज प्रातःकाल कुछ भाषण देख रहा था तो मुझे लगा कि राज्य सभा में लोग मेरे वक्तव्य से बड़े निराश थे जोकि हमारे नेता ने पढ़कर सुनाया था । कहा गया कि बहुत ब्लेंक है,उसमें कुछ नहीं है । इस में आगे की कुछ बात नहीं बताई है । लेकिन जहां एक तरफ यहां सदन में लोगों को लगता था , शायद हमारी सरकार के आलोचकों को भी लगता था कि इस में तो कुछ नहीं है , that this is a blank statement, वहीं मैं ने आज 'द हिंदू ' में देखा कि, "Advani's Statement is Inflamatory: says Islamabad". इस्लामावाद को लगा कि यह तो एक उत्तेजक भाषण है, आग लगाने वाला भाषण है ।

श्री सुरेश पचौरी : गृह मंत्री जी , क्या इसके लिए इस्लामाबाद के सर्टिफिकेट की आवश्यकता है?

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : नहीं , मुझे नहीं चाहिए ।

श्री सुरेश पचौरी : आप के वक्तव्य से हम निराश थे और उत्तर से हम उदास हैं।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : आप पूरी बात तो सुन लीजिए। सुरेश जी, मैं जिस संदर्भ में कह रहा हूं, मैं अपने वक्तव्य के बारे में प्रशंसा नहीं कर रहा हूं , मैं तो यह कह रहा हूं कि उस वक्तव्य को जब उन्होंने इनफ्लेमेटरी कहा, तो मैंने देखा कि क्यों इनफ्लेमेटरी है ? क्योंकि ,"Advani has held two Pakistan-based organisations, Jaish-e-Mohammed and Lashkar-e-Tayyeba, responsible for the Parliament attack and this is a prejudiced and biased allegation intended to defame the freedom struggle in Kashmir as terrorism". इन दो ऑर्गनाइजेशंन के बारे में उन का मत है कि ये दोनों तो जम्मू-कश्मीर में आजादी की लडाई लड़ रहे हैं और उन को उन्होंने संसद में हुए हमले के साथ जोडकर, वहां की फ्रीडम स्ट्रगल को बदनाम करना चाहा है। इसीलिए मैं तो दुनियाभर से कहूंगा कि आप फैसला करिए कि जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा ने यहां पर जो कुछ किया है और उस के जितने प्रमाण हैं, वह हमारे विदेशी मंत्री जिन को देना उपयुक्त समझें दे सकते हैं। उस में कोई दिक्कत नहीं है। हां, पाकिस्तान को देने का कोई सवाल नहीं है। पाकिस्तान के साथ मिलकर जांच करने का कोई सवाल पैदा नहीं होता है। इंटरनेशनल कम्युनिटी को इस बारे में कनर्विस करने के लिए जो कुछ भी करना होगा, वह करने को हम तैयार होंगे। क्योंकि हम इन दो संस्थाओं का नाम ले रहे हैं, इसीलिए एक प्रकार से हम जम्मू-कश्मीर के फ्रीडम स्ट्रगल को बदनाम कर रहे , मैं तो इस ओर ध्यान दिला रहा था। मेरा उस से संबंध नहीं है। आप मेरे इस वक्तव्य को अच्छा समझें, बुरा समझें , इस में मुझे कोई दिक्कत नहीं है। मैं सहन कर लूंगा क्योंकि मुझे कुल मिलाकर इस बात का पूरा संतोष है कि इन दो दिनों की बातचीत से जो संदेश जाएगा, वह वही संदेश है जो हम चाहते हैं कि यह देश आतंकवाद के खिलाफ एक है, आतंकवाद को समाप्त करने के लिए कृत-संकल्प है। उस में हमारे बीच में कोई भी कनटेंसियस इश्यूज नहीं आते। नहीं तो इस सदन में, इस सत्र में जहां पर कनटेंसियस इश्यूज इतने हो गए थे कि सदन की कार्यवाही नहीं चलती थी, वहां अगर एकता किसी ने लाई है तो इन दो दिनों की डिबेट से आई है। मैं उस के लिए आप सभी के प्रति आभार प्रकट करता हूं और इतना विश्वास दिलाना चाहता हूं कि भारत सरकार आप की सारी बातों को ध्यान में रखकर ही आगे की कार्यवाही के बारे में निर्णय करेगी, कोई भी निर्णय जल्दबाजी में नहीं होगा, सब इन्पुट्स जितने हो सकते हैं, वह इनपुट्स प्राप्त करने के बाद निर्णय लिया जाएगा इतना आश्वासन मैं देना चाहता हूं।

श्री शरीफ-उद-दीन शरीक : सर, एक सवाल है।

श्री सभापति : नहीं , फिर यह सिलसिला शुरू हो जाएगा।

श्री शरीफ-उद-दीन शरीक : चेयरमेन सर, मेरा ख्याल है सभी लोंगो के जेहन में शायद यह बात नहीं आई कि इससे पहले कश्मीर की हुरियत कान्फ्रेन्स के एक लीडर ने प्रेस को कहा था कि अगले 24 घंटे में हम दिखाएंगे कि आइंदा क्या होने वाला है। उसके दूसरे चेयरमेन ने कहा था कि 24 घंटे नहीं , 12 घंटे में हम दिखाएंगे कि आगे क्या होने वाला है। उसके बारे में हम जानकारी चाहते हैं कि क्या इन्क्वायरी हुई ?

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : सर, अखबार में कहीं छपा है, जानकारी की जाएगी कि क्या उसका मतलब था, लेकिन आपने फिर से उसकी ओर ध्यान दिलाया है तो जरुर उसकी जांच की जाएगी।

श्री सभापति : बालकवि बैरागी जी चाहते हैं कि जैसे मौलाना ओबैदुल्ला खान आज़मी जी ने कहा, वैसे ही कुछ कविता के माध्यम से कहना चाहते हैं।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : स्वागत है।

श्री बालकवि बैरागी : माननीय सभापति महोदय, मैं आपका बहुत ऋणी हूं, कर्जदार हूं, आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण अवसर पर समय दिया क्योंकि इस समय सदन के नेता भी हैं, हमारे गृहमंत्री जी भी हैं, और आप भी आसन पर हैं। मुझे कुछ बोलना नहीं है, सिर्फ दस-बारह पंक्तियां पढ़नी हैं। इतना जरुर मुझे कहना है कि दोपहर में जब यहां पर बहस चल रही थी, इस बीच में यह हुआ कि जब प्रधानमंत्री जी, अटल जी बोले रहे थे तो उन्होंने कहा कि मैंने कविता लिखी , उसके बाद युद्ध हो गया। इस पर मैंने उनको प्रेरित किया था कि अब आप एक और कविता लिख दो ताकि मामला निपट जाए। उन्होंने मुझसे कहा कि यह काम मैं आप पर छोडता हूं। उनका जो दिया हुआ काम है, असाइनमेंट है, वह मैं पूरा कर यहां रख रहा हूं।

आदरणीय सभापति जी, ऐसे क्षणों में, जब हम मन से उदास भी हैं, हमारे लोग शहीद होकर चले गए और ऐसे बहुत महत्वपूर्ण और गंभीर क्षणों में हम आपसे आशीर्वाद लेकर जब विदा ले रहे हैं तब कुल मिलाकर मैं दस-बारह पंक्तियां पढ़ना चाहता हूं। सदन के मन की, देश के मन की, मेरे मन की और कई ऐसे लोगों के मन की बात, जो यहां भीतर आकर अपनी बात नहीं कह सकते, उन बातों को इन पंक्तियों के माध्यम से कह रहा हूं –

जब लोकतंत्र के मंदिर पर आतंकवाद के बादल हो,
बादल भी ऐसे वैसे क्या, हर बूंद बूंद से पागल हों।
तब हमें हमारी सांसों से आंधी अंधड़ लाना है,
छिन्न भिन्न कर बादल को मंदिर का मूल्य बचाना है।
जो अपनी जान गवां कर भी इस लोकतंत्र को बचा गए।
है नमन शहीद सपूतों को, लाहू से मेहन्दी रचा गए।
वे देख रहे हैं हम सब को, हम उनका श्राद्ध करें कैसे।
जो कर्ज हमारे सिर पर है, हम उसका मूल्य भरे कैसे।
इस मन्दिर के पावन मूल्यों से हम नहीं कोई छल छंद करें।
आतंकवाद से लडना है-आपस में लडना बंद करें।
जब तक मंजिल नहीं मिले कोई त्यौहार मनाना मत।
जब दुश्मन को पहचान लिया तो फिर से दोस्त बनाना मत।

धन्यवाद।

VALEDICTORY REMARKS

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, the Leaders of various political parties and groups in the Parliament decided today that after the discussion on the attack by the terrorists on the Parliament, the House may now adjourn *sine die.* We are, therefore, adjourning the House accordingly.